


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938

नई सोच नई पहल





ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 258 | ग्वालियर, शुक्रवार, 07 जुलाई 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए



# पंजाब की सभी 13 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी

गुजरात के पूर्व सीएम और बीजेपी नेता विजय रूपाणी ने गुरुवार को बड़ा ऐलान किया. उन्होंने कहा कि पंजाब में लोकसभा की सभी 13 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी. आगामी 2024 के चुनावों में बीजेपी पीएम मोदी के नेतृत्व में चुनाव लड़ेगी और दिल्ली (केंद्र) में तीसरी बार सरकार बनाएगी.इससे पहले पंजाब बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ से जब अकाली दल से गठबंधन को लेकर कहा था कि, पंजाब में गठबंधन को लेकर फैसला हाईकमान को लेना है. साथ ही उन्होंने कहा कि अब बीजेपी पंजाब में सभी 13 लोकसभा और 117 विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी को एकमात्र विकल्प के रूप में स्थापित करेगी. यानि बीजेपी अपने आपको इतना मजबूती स्थिति में खड़ा करेगी कि उसे



किसी साथी के सहारे की जरूरत ना पड़े.बता दें कि शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने बुधवार को पार्टी नेताओं के साथ बैठक की थी. मिली जानकारी के मुताबिक, इस बैठक में बीजेपी के साथ दोबारा गठबंधन की संभावनाओं पर खुलकर चर्चा हुई थी. पार्टी अध्यक्ष ने गठबंधन को लेकर वरिष्ठ नेताओं की राय मांगी. पार्टी सूत्रों के मुताबिक टकसाली नेता गठबंधन के लिए राजी हैं. वरिष्ठ नेतृत्व का कहना है कि आगामी चुनाव से पहले बीजेपी के साथ गठबंधन करना दोनों पार्टियों के पक्ष में होगा. जिसको लेकर शिअद मुखिया बादल को पार्टी के नेताओं ने कहा कि गठबंधन की स्थिति में विपक्ष के हमले का जवाब देने के लिए भी रणनीति तैयार की जानी चाहिए. लेकिन बीजेपी नेता के इस बयान के बाद गठबंधन की चर्चा पर विराम लगता दिख रहा है.

## राजस्थान में रिपीट कर सकते हैं सरकार, गहलोत से सुलह के बाद बोले सचिन पायलट-जो निर्देश मिलेगा उसको...



दिसंबर 2023 में राजस्थान विधानसभा चुनाव होने हैं. ऐसी स्थिति में राज्य में सत्तारुढ़ कांग्रेस पार्टी अपने दो शीर्ष नेताओं सीएम अशोक गहलोत और पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट के बीच विवाद का पटाक्षेप करना चाहती है. इसी सिलसिले में दिल्ली में हुई मीटिंग में सचिन पायलट ने एक साथ चलने का वादा करते हुए कहा कि वह सिर्फ और सिर्फ राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे के गुट के ही हैं और उनका उद्देश्य राज्य में दोबारा सरकार रिपीट करने का है. दिल्ली में आज यानी गुरुवार (6 जुलाई) को राजस्थान में गतिरोध दूर करने के लिए मीटिंग हुई. इस मीटिंग में सीएम अशोक गहलोत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े. इस दौरान सचिन पायलट ने कहा कि दुबारा से राजस्थान में कांग्रेस की सरकार कैसे बने इसको लेकर आज की मीटिंग में चर्चा हई है, और मुझे पूरी उम्मीद है की राजस्थान में कांग्रेस दुबारा सत्ता में आने जा रही है. लोकसभा चुनाव को लेकर क्या है बीजेपी की रणनीति?सचिन पायलट ने आगे कहा कि चुनावों का असर 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों पर भी प?गा और कांग्रेस भारी संख्या में राजस्थान में लोकसभा की सीटें जीतेगी. उन्होंने कहा कि मुझे कांग्रेस ने पहले जो भी जिम्मेदारी दी थी उस जिम्मेदारी को मैंने पूरी निष्ठा और मेहनत के साथ पूरा किया है, और आगे भी मुझे कांग्रेस की तरफ से जो भी जिम्मेदारी दी जाएगी

## क्या मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देंगे एकनाथ शिंदे? सीएम ने खुद दिया



महाराष्ट्र की सियासत में हलचल जारी है. इस बीच मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने गुरुवार (6 जुलाई) को उन अटकलों को खारिज कर दिया जिसमें दावा किया जा रहा था कि उनके गुट के कई विधायक अजित पवार की सरकार में एंट्री से नाराज हैं. साथ ही उन्होंने इस्तीफे की खबरों को अफवाह बताया.शिंदे ने कहा,अजित पवार के राज्य मंत्रिमंडल में शामिल होने के बाद हमारी सरकार और मजबूत हो गई है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमित शाह की ताकत मेरे पीछे है.मुख्यमंत्री ने कहा, महाराष्ट्र मंत्रिमंडल में अजित पवार के शामिल होने के बाद शिवसेना विधायकों में कोई नाराजगी नहीं है.क्या विधायक मातोश्री के संपर्क में हैं?एकनाथ शिंदे ने कहा कि हमारे पास 200 से ज्यादा विधायक हैं, इतनी मजबूत सरकार है. विधायकों को पिछले एक साल में विकास के लिए काफी पैसा मिला है. जो काम रुके थे, वो शुरू हो गए. घर में बैठने वाली सरकार और घर में बैठने वाले सीएम के पास कोई जाता है क्या?

**इस्तीफे की खबर पर क्या बोले सीएम शिंदे**-शिंदे ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने की खबरों पर कहा, यह सब अफवाहें हैं, किस हद तक जाएंगे. उन्हें पहले अपनी पार्टी की हालत को देखना चाहिए, आत्मचिंतन करना चाहिए. दूसरे के घर में झांकने से पहले अपने घर देखो सुरक्षित है कि नहीं. जब सरकार का शपथ ग्रहण नहीं हुआ था तभी से चल रहा है कि मुख्यमंत्री जाएगा, सरकार जाएगी. आज हमारे साथ 200 विधायक हैं. जो भी समस्या होती है उस पर केंद्र से सहयोग मिल रहा है. इसलिए इनके पेट में दर्द हो रहा है.अपने गुट के विधायकों की नाराजगी के सवाल पर भी बोले शिंदे-मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि सभी को सारी बात समझा दी गई है, हम लोग तो सत्ता को छोड़ कर चले गए थे. हम एक विचारधारा और भूमिका को लेकर सत्ता से बाहर निकले थे.

## भारतीय राजनीति में सत्ता की जंग में चाचाओं पर कब-कब भारी पड़े भतीजे?

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार संख्या बल में आगे नजर आ रहे हैं. खबरों के मुताबिक दोनों गुटों के सूत्रों ने बताया कि अजित पवार गुट द्वारा बुलाई गई बैठक में राकांपा के 53 में से 32 विधायक शामिल हुए जबकि राकांपा प्रमुख के संबोधन में 18 विधायक मौजूद थे. 24 साल पुरानी पार्टी में दो जुलाई को विभाजन के बाद पहली बार अलग-अलग बैठकों को संबोधित करते हुए शरद पवार ने शिवसेना-भाजपा सरकार में शामिल होने के लिए अपने भतीजे अजित पवार की आलोचना की.

दो जुलाई को राकांपा से अलग होकर उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाले अजित पवार ने अपने 83 साल के बूढ़े चाचा को राजनीति से रिटायर होने की सलाह दे डाली. शरद पवार और अजित पवार भारतीय राजनीति के कुछ सबसे हाई प्रोफाइल और कामयाब चाचा-भतीजे की जोड़ियों में शामिल थे लेकिन अब ये जोड़ी पूरी तरह से बिखर चुकी है. भारत की राजनीति में चाचा-भतीजे की लड़ाई कोई नई नहीं है.देश में राजनीति में आए कई चाचा-भतीजा ने समय-समय पर एक दूसरे से लड़ाई की और अलग होकर दूसरी पार्टी में शामिल हो गए. कभी चाचा की शिकायत ये रही की भतीजा पद के लायक नहीं तो कभी भतीजे ने चाचा के बारे में ये शिकायत की. वैसे भारत के



इतिहास में चाचा और भतीजे की लड़ाई महाभारत के समय से चली आ रही है. पुत्र मोह में धृतराष्ट्र ने दुर्योधन का साथ दिया जबकि सत्ता के हकदार युद्धिष्ठिर थे. मुगल काल में भी अलाउद्दीन खिलजी ने अपने चाचा जलालुद्दीन खिलजी को मारकर सत्ता हथिया ली थी. हाल के कुछ राजनीतिक घटनाक्रम को देखेंगे तो पाएंगे कि पॉलिटिक्स में सबसे ज्यादा खतरा करीबी रिश्तेदारों से ही होता है. खासतौर से राजनीति में पार्टी के चुनाव चिन्ह पर सब का दावा होता है. एक ही चिन्ह पर लड़ते-भिड़ते एक ही परिवार के लोग उसी चिन्ह को बांटना शुरू कर देते हैं और जब बात नहीं बनती है तो अलग होने की नौबत आ जाती है.अजित पवार और शरद पवार की हाल में हुई लड़ाई इस बात की तरफ इशारा है कि पॉलिटिक्स में ये इतिहास खुद को सिर्फ दोहराता ही नहीं है, बल्कि बार-बार दोहराता है. कैसे इस आर्टिकल में समझते हैं. राजनीति में चाचा-भतीजे की लड़ाई में शिवपाल और अखिलेश यादव की लड़ाई की खूब चर्चा हुई थी. हालांकि दोनों अब साथ हैं. जुड़े दोनों चाचा भतीजा को पार्टी अपनी लगती थी. एक तरफ जहां अखिलेश यादव के पिता मुलायम सिंह यादव ने पार्टी की नींव रखी तो वहीं चाचा शिवपाल ने पार्टी को सींचा था. पार्टी में सबकुछ ठीक उस वक्त नहीं होने लगा जब भतीजे अखिलेश ने पार्टी में कदम रखा. साल 2012 के विधान सभा चुनाव के समय मुलायम सिंह यादव की पार्टी समाजवादी पार्टी ने बहुमत हासिल किया और अपनी जगह अपने बेटे को मुख्यमंत्री पद का दावेदार घोषित कर दिया. चाचा शिवपाल जो खुद को मुलायन सिंह उत्तराधिकारी के तौर पर देख रहे थे उन्हें झटका लगा. दोनों के बीच आपसी कलह शुरू हो चुकी थी. 2017 में सपा यूपी की सत्ता से बाहर हो गयी. और चाचा भतीजा के बीच ये जंग और तेज हो गयी. बात बिगड़ी और 2018 में शिवपाल ने बगावत कर दी

## लालू यादव के महागठबंधन के 300 सीटें जीतने के दावे पर रविशंकर प्रसाद का पलटवार, कहा- बिहार बचाएं, हम सभी 40 सीटें जीतेंगे



2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों को लेकर देश की विपक्षी पार्टियां बीजेपी के खिलाफ एक संयुक्त विपक्ष महागठबंधन पर विचार कर रही हैं. आरजेडी अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने दावा किया कि यह गठबंधन 300 से अधिक सीटें जीतेगा. इस पर बिहार से ही बीजेपी नेता रविशंकर प्रसाद ने पलटवार करके कहा कि बीजेपी बिहार में 40 सीटें जीतेगी.रविशंकर प्रसाद ने कहा, लालू जी ने कोई नई बात नहीं कही है. लेकिन वो यह बात नहीं बता पा रहे हैं कि 2024 लोकसभा चुनाव के लिए जो बारात सज रही है उसका दूल्हा कौन है? रविशंकर प्रसाद ने कहा लालू यादव पर ताना मारते कहा कि आप चिंता नहीं करिए बिहार की सभी 40 सीटें हम ही जीतेंगे. लेकिन अभी आपको बहुत कुछ करना है. आपको चारा घोटाले में बनाई गई नई चार्जशीट पर जवाब देना है, नौकरी के बदले जमीन मामले में जवाब देना है, इसलिए उनको अभी बहुत सारे जवाब देने हैं. आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने मीडिया से बात करते हुए गुरुवार (6 जुलाई) को कहा था कि महागठबंधन की (2024 के चुनाव में) कम से कम 300 सीटें आएंगी. प्रधानमंत्री भ्रष्ट लोगों के संचालक हैं. अभी सभी ने देखा कि वो जिसे भ्रष्ट कहते थे, उसी को उन्होंने महाराष्ट्र में मंत्री बनाया था. उन्होंने राहुल के शादी करने को कहने के सवाल पर कहा कि देश का पीएम जो भी व्यक्ति बने उसको बिना पत्नी के नहीं रहना चाहिए

## भारतीय राजनीति में सत्ता की जंग में चाचाओं पर कब-कब भारी पडे

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार संख्या बल में आगे नजर आ रहे हैं. खबरों के मुताबिक दोनों गुटों के सूत्रों ने बताया कि अजित पवार गुट द्वारा बुलाई गई बैठक में राकांपा के 53 में से 32 विधायक शामिल हुए जबकि राकांपा प्रमुख के संबोधन में 18 विधायक मौजूद थे. 24 साल पुरानी पार्टी में दो जुलाई को विभाजन के बाद पहली बार



अलग-अलग बैठकों को संबोधित करते हुए शरद पवार ने शिवसेना-भाजपा सरकार में शामिल होने के लिए अपने भतीजे अजित पवार की आलोचना की.दो जुलाई को राकांपा से अलग होकर उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाले अजित पवार ने अपने 83 साल के बूढ़े चाचा को राजनीति से रिटायर होने की सलाह दे डाली.

# पेशाब कांड क्या शिवराज सरकार को भारी पड़ेगा! बीजेपी के सामने अब ये है संकट

मध्य प्रदेश के सीधी में हुआ पेशाब कांड क्या शिवराज सरकार के लिये गले की हड्डी बन गया हैड़ जानकार ऐसा सोच रहे हैं कि इस एक घटना ने आदिवासी समाज में सरकार विरोधी माहौल बनाया है, तो वहीं आरोपी पर कड़ी कार्रवाई ने विंध्य इलाके के ब्राह्मणों को नाराज करने का खतरा पैदा कर दिया है.सीधी से करीब छह सौ किलोमीटर दूर भोपाल में मुख्यमंत्री निवास पर कुर्सी पर दशमत रावत (पीड़ति) को बैठाकर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पैर धुला. माला पहनाई, शॉल और श्रीफल दिए. फिर उन्हें मीठा खिलाया और बैठकर नाश्ता भी कराया. दशमत पर बीजेपी के कार्यकर्ता और सीधी से बीजेपी विधायक केदार शुक्ला के प्रतिनिधि प्रवेश शुक्ला ने शराब के नशे में सिर पर पेशाब की थी.दशमत के साथ हुई इस घटना ने चुनावी साल में बीजेपी को बैकफुट पर ला दिया है. बीजेपी समझ नहीं पा रही कि इस घटना से कैसे निपटें, पार्टी की छवि को जो धक्का लगा है उससे कैसे उबरें, क्योंकि मध्य प्रदेश में आदिवासी समाज की आबादी 21 प्रतिशत है और विधानसभा की 47 सुरक्षित सीटें आदिवासियों के लिये हैं. ऐसे में इस घटना ने आदिवासियों के वोट में सेंध लगाने की कोशिश कर रही बीजेपी को परेशान



कर दिया है.इस घटना की भरपाई के लिये बीजेपी का पूरा सिस्टम भिड़ गया है. आरोपी पर सख्त कार्रवाई तो हुयी है, साथ ही पीड़ति के पैर धोकर प्रायश्चित भी किया जा रहा है. मगर साथ ही शिवपुरी में हुयी उस घटना को उभारा जा रहा है जिसमें कुछ दिन पहले दलित लोगों के साथ मुसलमान समाज के लोगों ने मारपीट कर बेइज्जती की थी.उधर कांग्रेस इस मुद्दे पर आक्रामक बनी हुयी है. पीड़ति पक्ष के घर के बाहर उसके परिवार के साथ मिलकर धरना दिया जा रहा है. कांग्रेस इस मुद्दे को ऐसे नहीं जाने देना चाहती. क्योंकि प्रदेश में 47 सुरक्षित आदिवासी सीटों में तीस सीटें उसके पास है. वहीं बीजेपी के पास 16 सीटें हैं. हालांकि बीजेपी ने आदिवासी वोटरों पर वापसी के लिये काफी मेहनत की है. शहडोल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दौरा, रानी दुर्गावती की जयंती मनाकर उनके नाम की यात्राएं निकालना और भोपाल की स्टेशन का नाम कमलापति रखना वगैरह है. मगर पेशाब कांड ने बीजेपी के हालात बिगाड़ दिये हैंचुनावी साल में आदिवासी वोट को अपने पाले में खींचने के लिये बीजेपी कांग्रेस जोर लगा रही है मगर सत्तारूढ़ पार्टी अब इसमें पिछड़ती जा रही है. आरोपी पर हुई कड़ी कार्रवाई प्रदेश के ब्राह्मण वोटों पर भी असर करेगी, क्योंकि सीधी, सतना और रीवा में ब्राह्मण वोटर बड़ी संख्या में हैं

# 8 जुलाई को दिल्ली में जंतर मंतर पर होगा पेंशन के लिए धरना,प्रदर्शन-जनक सिंह रावत

## जिले से जाएंगे सेंकड़ो कर्मचारी, राज्यों एवं केंद्रीय कर्मचारी होंगे शामिल

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी** -पुरानी पेंशन के लिए म राज्यों के कर्मचारी एवं केंद्रीय कर्मचारी लगातार संघर्ष कर रहे हैं इसी क्रम में 8 जुलाई 2023 को दिल्ली के जंतर मंतर पर अनेक कर्मचारी संगठनों द्वारा संयुक्त रूप से एक दिवसीय धरना,प्रदर्शन किया जाएगा अखिल भारतीय पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक एवं राज्य शिक्षक कांग्रेस के प्रांतीय प्रवक्ता जनक



सिंह रावत द्वारा बताया गया कि पेंशन के लिए संघर्ष कर रहे अनेक संगठनों द्वारा संयुक्त रूप से मनजीत पटेल के नेतृत्व में दिल्ली के जंतर-मंतर पर आंदोलन किया जाएगा इसमें केंद्रीय कर्मचारियों के अनेक विभागों के संगठन एवं राज्यों के कर्मचारी संगठन संयुक्त रूप से सरकार तक पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग करेंगे दिल्ली के समस्त विभागों के कर्मचारी जंतर मंतर पर उपस्थित रहेंगे मध्यप्रदेश से भी संभाग सहित शिवपुरी जिले से सैकड़ों कर्मचारी दिल्ली रवाना होंगे और कर्मचारियों की पुरानी पेंशन मांग में सहयोगी बनेंगे सभी कर्मचारियों से अपील की गई है दिल्ली में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं अपील करने वालों में जनक सिंह रावत सुल्तान आदिवासी राकेश खरे बालूराम रावत विनय सिंह रावत मुकेश रावत कैलाश चंद्र वर्मा संदीप कुलश्रेष्ठ शामिल है

# विद्युत विभाग द्वारा असत्य आधार पर लगाए गए मामले में न्यायालय ने ग्रामीणों को किया दोषमुक्त

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी-शिवपुरी न्यायलय विशेष न्यायाधीश (विद्युत अधिनियम) शिवपुरी द्वारा विद्युत विभाग द्वारा असत्य आधारों पर मामला कोर्ट में पेश किया गया। जिस पर माननीय न्यायलय द्वारा मामले के आरोपी वीरेंद्र प्रजापति पुत्र काशीराम प्रजापति निवासि ग्राम बलेरा थाना तेंदुआ जिला शिवपुरी एवं दूसरे आरोपी रामदयाल चिडार पुत्र श्री पन्नालाल चिड़ार निवासि ग्राम बलेरा थाना तेंदुआ जिला शिवपुरी उक्त दोनों में विचारण करते हुए माननीय न्यायाधीश श्री अमित कुमार गुप्ता जी विशेष न्यायाधीश शिवपुरी द्वारा दोनो आरोपियों को निर्दोष मानते हुए दोष मुक्त किया ।मामले में पैरवी अधिवक्ता रघुवर सिंह धाकड़ एवं विनोद शर्मा द्वारा की गई जिनके द्वारा अपनी दलील में गवाह और दस्तावेजों को असत्य ठहराया।प्रकरण में उपरोक्त विवेचना के आधार पर यह तथ्य युक्तियुक्त संदेह से परे प्रमाणित न होने से कि अभियुक्त वीरेन्द्र द्वारा दिनांक 02.11.2018 को समय 12ः00 बजे, ग्राम बलेरा, थाना तेंदुआ, जिला शिवपुरी म0प्र0 में, बिना वैध कनेक्शन के अवैध रूप से 63 केव्हीए एक्समायर से पी.वी.सी. के तीन तार डायरेक्ट जोड़कर खेत में स्थित 05 एच0पी0 की विद्युत मोटर चलाकर टमाटर की फसल में सिंचाई कर विद्युत का उपयोग / उपभोग किया। जो न्यायलय ने प्रमाणित नहीं पाया फलतः अभियुक्त को अधिनियम की धारा 135 के अधीन दोषमुक्त किया जाता है।एवं दूसरे आरोपी के प्रकरण में उपरोक्त विवेचना के आधार पर यह तथ्य युक्तियुक्त संदेह से परे प्रमाणित न होने से कि अभियुक्त द्वारा दिनांक 02.11.2018 को समय 01ः30 बजे, ग्राम बलेरा, थाना तेंदुआ, जिला शिवपुरी म0प्र0 में बिना वैध विद्युत कनेक्शन के अवैध रूप से 25 केव्हीए एक्समायर से पी.वी.सी. के तीन तार डायरेक्ट जोड़कर खेत में स्थित 03 एच0पी0 की विद्युत मोटर चलाकर टमाटर की फसल में सिंचाई कर विद्युत का उपयोग / उपभोग किया।जो न्यायलय ने प्रमाणित नहीं पाया फलतः अभियुक्त को अधिनियम की धारा 135 (1) (क) के अधीन दोषमुक्त किया जाता है। माननीय न्यायालय द्वारा दोनों ही मामलों में ग्रामीणों को दोषमुक्ति का निर्णय दिया गया।

# पुलिस थाना पिछोर जिला शिवपुरी ने शातिर चोर को गिरफ्तार कर 3 पानी की मोटर व 3 समर्सिबल पंप कीमती 1,00,000 रुपये बरामद किए

## पिछले 1 साल से कर रहा था चोरी ।चोर का एक साथी रामकुमार लोधी निवासी राजपुर कछौआ फरार




**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

**पिछोर,।** पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश कुमार सिंह भदौरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण कुमार भूरिया , एसडीओपी पिछोर श्री प्रशांत शर्मा के निर्देशन में व थाना पिछोर टीआई गब्बर सिंह गुर्जर के नेतृत्व में पुलिस थाना पिछोर की टीम ने मुखबिर की सूचना पर शातिर चोर ज्ञान सिंह लोधी निवासी ग्राम खुरई को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 3 पानी की मोटर व 3 समर्सिबल पंप पानी के जप्त किए जब्त माल की कीमत करीब 1,00,000रुपये है ।ज्ञान सिंह लोधी ने अपने साथी रामकुमार लोधी निवासी ग्राम राजपुर कछौआ के साथ थाना पिछोर क्षेत्र के भगवंतपुरा के अलावा ग्राम टीला थाना करैरा व ग्राम पिपारा थाना भौंती क्षेत्र से पानी की मोटर व समर्सिबल पंप चोरी किए हैं। शातिर चोर ज्ञान सिंह लोधी का साथी रामकुमार लोधी निवासी राजपुर कछौआ फरार है जिसकी तलाश जारी है। ग्राम खुरई का ज्ञान सिंह लोधी शातिर चोर है जो पूर्व में भी चोरी के कई अपराधों में गिरफ्तार हो चुका है ।ज्ञान सिंह लोधी के गिरफ्तार होने से क्षेत्र में निश्चित ही चोरी की घटनाओं में कमी आएगी । थाना पिछोर में फरियादी दुर्ग सिंह ठाकुर निवासी भगवंतपुरा की पानी की मोटर चोरी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 342/23 धारा धारा 379, 411, 414 आईपीसी पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जिसे कोर्ट द्वारा जेल भेजा । पुलिस थाना पिछोर की टीम में एएसआई शैलेंद्र सिंह चौहान, नरेंद्र यादव प्रधान आरक्षक संतोष यादव, आरक्षक बृजराज सिंह ,आरक्षक कमल सिंह मांझी , जितेंद्र गुर्जर, राघवेंद्र पाल , बचान सिंह तोमर की मुख्य भूमिका रही।

## अमानवीय व्यवहार करने बालों पर शिवपुरी पुलिस की कार्यवाही

# पुलिस थाना नरवर के ग्राम बरखाड़ी मे दो लोगों के साथ अमानवीय व्यवहार करने पर पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही कर उनके अवैध निर्माण पर चलबाया बुल्डोजर

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

**नरवर।** घटना दिनाँक 30.06.23 को ग्राम बरखाडी निवासी अर्जुन जाटव व संतोष बाथम को आरोपीगण अजमत उर्फ पप्पू खान (शाह) , शहीद खाँन इस्लाम खाँन, बकील, आरिफ खाँन आदि ने फोन लगाकर बुलाया और घर मे बंद करके अपने परिवार की महिलाओं सायना खान, रहीशा खाँन, के साथ मिलकर दलित समाज के अर्जुन पुत्र कुंअरपाल जाटव उम्र 24 साल एंव बाथम समाज के संतोष बाथम पुत्र प्रीतम बाथम उम्र 21 साल निवासी गण ग्राम वरखाडी थाना नरवर को अपने घर पर बुलाकर घर के अन्दर बंद



कर लिया एवं उनकी मारपीट की जाति सूचक गालियां दीं तथा उनके मुँह पर कालिख पोत कर मुँह के अन्दर विषाक्त अपशिष्ट पदार्थ भर दिया एंव जूते चप्पलों की माला पहनाकर आम रोड पर जूलूस निकाला गया ।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह के द्वारा तत्काल थाना प्रभारी नरवर को कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया एवं आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी हेतु आवश्यक निर्देश दिये । जिस पर अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया एवं एसडीओपी करैरा श्री संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी नरवर द्वारा कार्यवाही करते बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना के संबंध मे पूछताछ कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है । पुलिस द्वारा फरियादी अर्जुन जाटव की सूचना पर उपरोक्त आरोपियों के विरूध्द अपराध क्र 160/23 धारा 147, 149, 294, 323, 328, 506, 342, 355, 270 ताहि 3 ( 2 ) ( 5 क ) ,3(2),3(1)(ड्ड)(स्त्र)(द्द), एससी एसटी एक्ट का पंजीबध्द किया गया है । पुलिस द्वारा प्रकरण से संबंधित सभी आरोपीगयों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया जहाँ पर से माननीय न्यायालय के आदेश से आऱोपी गणो को जिला जेल शिवपुरी भेजा गया है । उक्त प्रकरण गंभीर एवं अमानवीय होने से पुलिस द्वारा आरोपगणों के विरूद्ध ह्म्र कार्यवाही प्रस्तावित की गयी है । ग्राम बरखाडी में प्रकरण के आरोपीगणों द्वारा पूर्व से ही वन विभाग की जमीन पर अतिक्रमण कर घर मकान बना लिये थे जिन्हे आज दिनाँक-06.07.2023 को वन विभाग द्वारा राजस्व विभाग, पुलिस विभाग के सहयोग से, उपरोक्त आऱोपीगणो के कब्जे से, ग्राम बरखाडी में करीब 3.22 हेक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया है ।

## कम राशन वितरण के चलते विक्रेता और प्रबंधक पिता-पुत्र पर एसडीएम ने दर्ज कराया पुलिस प्रकरण पंजीबद्ध

# 1023634 रुपए का राशन किया गया था खुर्द खुर्द,एसडीएम की दूसरी बड़ी कार्रवाई को लेकर सेल्समेनों में हड़कंप

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

पिछोर शिवपुरी पिछोर विधानसभा क्षेत्र में स्थित शासकीय उचित मूल्य की दुकानों पर सेल्समैनो द्वारा अनियमितताओं की लगातार आ रही शिकायतों पर पिछोर एसडीएम (आईएएस) अरविंद शाह ने हाल ही में बड़ी कार्रवाई की है जिससे न सिर्फ लापरवाह और गड़बड़ी करने वाले विक्रेताओं में हड़कंप है बल्कि कार्रवाई को लेकर ग्रामीणों में संतोष है इससे पूर्व भी खनियाधाना के मगरोनी ग्राम में विक्रेता और प्रबंधक पर एसडीएम द्वारा शिकायत मिलने के उपरांत कार्रवाई की गई थी इसी क्रम में एसडीएम अरविंद साह ने पिछोर के ग्राम पंचायत मनपुरा स्थित शासकीय उचित मूल्य की दुकान के सेल्समैन और प्रबंधक पर धारा 420 सहित 409 आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत भौंती थाने में दोनों पिता-पुत्र पर आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध करा दिया है जानकारी के अनुसार एसडीएम को लगातार मनपुरा की शासकीय उचित मूल्य की दुकान पर पदस्थ विक्रेता शरद मिश्रा द्वारा ग्रामीणोंजनो राजेश करण, पातीराम, उपभोक्ताजनो शांति लाक्षकर अयोध्या प्रसाद अशोक केवट स्नेह लता शिवहरे तथा राजेश करण आदि ने बताया कि



अशोक, शंकर लाल, लालाराम तथा करण जाटव आदि को कम राशन दिए जाने की शिकायत मिल रही थी जिस पर एसडीएम ने मामले की जांच कराई जांच में खाद्य कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पिछोर अभिषेक दुबे को मौके पर उपस्थित ग्रामीण माह जून 2023 में प्रति सदस्य 5 किलो राशन के स्थान पर विक्रेता द्वारा 4 किलो राशन वितरण किया गया जबकि पीओएस मशीन में 5 किलो प्रति सदस्य के मान से राशन की मात्रा को दर्ज किया गया है वही विक्रेता द्वारा पीओएस की राशन पर्ची भी नहीं दी गई इसके अलावा मौके पर फूड इंस्पेक्टर द्वारा दुकान में रखी राशन सामग्री का भौतिक सत्यापन भी किया गया जिसमें 200.34 क्विंटल गेहूं 207.56 कुंटल चावल 113 किलो नमक 767 लीटर केरोसिन तथा 7.58 क्विंटल मूंग की मात्रा पीओएस मशीन में जारी ऑनलाइन स्टाक की मात्रा से कम पाई गई जिसकी बाजार भाव से अनुमानित कीमत 1023634 रू बताई जाती है इस राशन की मात्रा का संस्था प्रबंधक संतोष मिश्रा एवं विक्रेता शरद मिश्रा द्वारा खुर्दबुर्द कर अपयोजन किया जाना पाया गया इस संबंध में प्रबंधक एवं विक्रेता को कार्यालयीन कारण बताओ नोटिस 22 जून को जारी किए गया था जिनका विक्रेता द्वारा कोई जवाब नहीं दिया जबकि प्रबंधक द्वारा व्हाट्सएप के जरिए जवाब दिया गया वही खाद कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी द्वारा 15 जून को जांच के दौरान राशन वितरण संबंधी अभिलेख भी प्रस्तुत नहीं किए गए जिस पर दोषी मानते हुए उक्त कार्रवाई की गई

# ड्रग्स मामले में मेहता दंपती के मुंबई के बैंक खाते सीज

**नशिवपुरी (नप्र)।** खनियाधाना थाना क्षेत्र में पकड़े गए 142 ग्राम मेफेड्रोन ड्रग में आरोपित बने मुंबई के कारोबारी मेहता दंपती के बैंक खातों को पुलिस ने सीज कर दिया है। जांच में सामने आया है कि खाते पर होल्ड लगाने के पहले ही मेहता दंपती ने करोड़ों रुपये कुछ अन्य खातों में ट्रांसफर कर दिए हैं। अभी भी उनके खाते में करीब 174 करोड़ रुपये हैं। इस मामले की जांच भी अब खनियाधाना से शिवपुरी आ गई है और शिवपुरी एसडीओपी अजय भार्गव विवेचना कर रहे हैं।9 जून को खनियाधाना में निरीक्षक धनेंद्र सिंह भदौरिया ने निसार जुबेर खान को 142 ग्राम एमडी ड्रग के साथ गिरफ्तार किया था। आरोपित ने पूछताछ में अशेष मेहता के लिए ड्रग सप्लाई करने की बात कही थी। इसके बाद पुलिस ने मुंबई जाकर दबिश दी, लेकिन अशेष मेहता



अपनी पत्नी शिवांगी के साथ फरार हो गया।पुलिस सूत्रों की मानें तो बैंक खातों की तलाशी लेने पर उसमें 400 करोड़ रुपये से अधिक थे जिसमें से अधिकांश राशि को उसने अन्य खातों में ट्रांसफर कर दिया था। उसके खाते में 174 करोड़ रुपये ही शेष बचे थे जिस पर पुलिस ने होल्ड लगवाया। पुलिस अधिकारी खातों को होल्ड कर उसे पेश होने के लिए दबाव बना रहे हैं।मामले की जांच कर रहे एसडीओपी अजय भार्गव ने बताया कि उन्हें तीन दिन पहले ही केस की डायरी मिली है। एसडीओपी ने आरोपित निसार से जब्त मोबाइल और मेहता दंपत्ती के मोबाइल नंबरों की काल डिटेल निकलवाने के लिए पत्र लिखा है।शिवपुरी आकर चला गया आरोपित, नहीं लगी भनक ! शिवपुरी। सूत्रों की मानें तो जब खनियाधाना पुलिस की टीम ने अशेष मेहता को मुंबई जाकर पेश होने का समन दिया था तो वह उसके बाद शिवपुरी आया था।हालांकि इस दौरान वह पुलिस की नजर से बचा रहा और अग्रिम जमानत के लिए आवेदन कर लौट गया था। कोर्ट ने उसकी अग्रिम जमानत की याचिका को खारिज कर दिया था। बताया जा रहा है कि मेहता दंपत्ती के वकील अब हाई कोर्ट का रुख कर रहे हैं।अजय भार्गव ने बताया कि अभी रुपयों और खातों की जानकारी संज्ञान में नहीं आई है। केस डायरी मिले ज्यादा समय नहीं हुआ है, जल्द ही इस मामले में प्रगति दिखाई देगी। हम सबूत एकत्रित कर रहे हैं।

# दलितों के मुंह पर कालिख पोतकर जूते की माला पहनाने वालों के घर पर चला बुलडोजर

**शिवपुरी.** । 30 जून को शिवपुरी के बिरखड़ी गांव में वर्ग विशेष के लोगों ने दलित युवाओं का मुंह काला करके जूते चप्पल पहनाकर जुलूस निकाला था। वर्ग विशेष के लोगों ने युवकों पर युवती से छेड़खानी करने का आरोप लगाया था। लेकिन इस घटना के बाद भाजपा सहित अन्य संगठनों ने मुद्दा बनाया और सीधी जैसे मामले से जोड़ दिया। इसके बाद प्रशासन ने हरकत में आकर नरवार में दलितों को मुंह पर कालिख पोतकर जूते की माला पहनाकर पीटने के मामले में मुस्लिम परिवार का घर प्रशासन ने तोड़ दिया।

**यह था घटनाक्रम-** शुक्रवार को ग्राम बरखाड़ी के कुछ लोगों ने गांव की युवती से छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए अनुज जाटव व संतोष केवट नाम के दो युवकों के साथ दुर्व्यवहार किया था। आरोपों के मुताबिक ये दोनों युवक, गांव की एक युवती को परेशान कर रहे थे। इन्हें सबक सिखाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से गांव में बुलाया गया और पकड़ कर मारपीट की गई। इसके बाद इनके चेहरे पर कालिख पोतकर और गले में जूते की माला डालकर जुलूस निकाला गया। बाद में इन्हें पुलिस के हवाले कर दिया गया। इस घटना का एक वीडियो भी काफी वायरल हुआ था।



**झूठा निकला आरोप-**जब पुलिस ने इन युवकों से पूछताछ की, तो युवकों ने छेड़छाड़ से इंकार किया। पुलिस की पड़ताल में भी लड़की के साथ छेड़छाड़ का आरोप सिद्ध नहीं हो पाया। जिस समय घटना हुई युवती वहां मौजूद नहीं थी, युवकों की युवती से केवल फोन पर बात हुई थी। एसपी रघुवंश भदौरिया ने बताया कि इसके बाद युवकों की शिकायत के आधार पर अजमत खान, वकील खान, आरिफ खान, शाहिद खान, इस्लाम खान, रहीशा बानो, साइना बानो के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज कर छह आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि एक आरोपित फरार है।

# शिवपुरी में कोर्ट में बोली नाबालिग- माता-पिता जबरन करा रहे शादी, इसलिए घर से भागी

**शिवपुरी** कोलारस कस्बे से गायब हुई नाबालिग लड़की 15 दिन बाद खुद थाने पहुंच गई। लड़की ने पुलिस व न्यायालय को बयान दिए हैं कि वह अपनी मर्जी से घर से भाग कर गई थी। पुलिस ने लडकी को बाल कल्याण समिती के समक्ष पेश किया, जहां से लड़की को वन स्टाप सेंटर भेज दिया गया।जानकारी के अनुसार पखवाड़े भर पूर्व वार्ड क्रमांक-5 कोलारस निवासी कल्ला कुशवाह की 15 वर्षीय बेटी अचानक घर से गायब हो गई थी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर ली थी। इसी क्रम में लड़की मंगलवार को थाने पहुंची और उसने पुलिस को बताया कि उसकी माता-पिता उसकी जबरन शादी करना चाह रहे हैं।



**शिवपुरी में अपनी सहेली के घर जाकर रुकी-**वह अभी नाबालिग है और शादी नहीं करना चाहती है। इसके चलते उसे मारा पीटा जाता है और दबाब बनाया जाता है कि वह जहां चाहते हैं वहां शादी कर ले। यही कारण है कि रोज-रोज की मारपीट से तंग आकर वह घर से भाग कर शिवपुरी चली गई थी। लड़की ने पुलिस को बताया कि वह शिवपुरी में अपनी सहेली के घर रूकी और आज थाने आ गई है। लड़की ने पुलिस को यह भी कहा कि वह अपने माता-पिता के घर नहीं जा**लड़की को वन स्टाप सेंटर भेजा-**पुलिस ने लड़की के बयान दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया। न्यायालय में लड़की के बायान होने के उपरांत लड़की को बाल कल्याण समिती के समक्ष पेश किया गया। बाल कल्याण समिती के समक्ष भी लड़की ने बयान दिए कि वह अपने माता-पिता के साथ नहीं रहना चाहती है

## आज दिनांक 6 जुलाई 2023 को मो नगर में बाबू जगजीवन राम कॉलोनी में समस्त कॉलोनी वासियों के द्वारा परम सिद्धि आदरणीय स्वर्गीय बाबू जगजीवन राम जी की 37 वी पुण्यतिथि को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई



**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉ बेताल सिंह गौड़**

जिसमें बाबू जगजीवन राम के जीवन पर और उनके आदर्शों की बारे में सबसे पहले बाबू जगजीवन राम कॉलोनी की अध्यक्ष शीला बाई के पुत्र एडवोकेट तिलक सिंह राजोरिया प्रदेश महामंत्री किसान कांग्रेस के द्वारा अपनी बात रखी और वहां पर उपस्थित डॉक्टर किशन लाल गोयल एडवोकेट जगजीवन राम उदय प्रसाद कौशिक राजीव कौशिक शीला बाई बाबूराम जाटव हरविलास जाटव कृपाल दास शाक्य नवल किशोर शाक्य कमल सिंह जाटव आत्माराम जाटव चंदन जाटव बहादुर जाटव लेखराम मिस्त्री और बाबू जगजीवन राम कॉलोनी के सभी सदस्य उपस्थित रहे एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे

# समाज रत्न स्व. सोमाराम राठौड की जन्म जयंती पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 129 यूनिट रक्तदान हुआ

**पुष्पाजंली टुडे /नारायणलाल सेंणचा**

**पुणे ।** स्व. सोमाराम राठौड की जन्म जयंती पर शिविर में पुणे जिला रिटेल व्यापारी संघ के सर्व पदाधिकारी और उनके परिजनों के साथ ही ब?ी संख्या में आम जनमानस व युवाओ ने भी रक्तदान किया। इस मौके पर मौजूद सचिन निवंगुणे, मंजुश्री खर्डेकर, श्याम देशपांडे, संदीप खर्डेकर ने कहा कि एक यूनिट रक्तदान से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है। कोथरूड कर्वे रोड पर स्थित त्रिदल सभागृह में आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन संदीप खर्डेकर, श्याम देशपांडे,सचिन निवंगुणे, अजित दादा सांगळे,अजय मारणे, दिनेश गेहलोत अध्यक्ष अखिल भारतीय सीरवी महासभा महाराष्ट्र राज्य रमेश( सूर्या), चंदुलाल भायल, जसाराम के. राठौड, सुनील गेहलोत, रामलाल काग, चुन्नीलाल के सोलंकी, लक्ष्मण परिहार, हिरालाल राठौड, शशिकांत डांगी, संजय कुंजीर, सागर पायगुडे, मांगीलाल भायल, रवि सारुक, नवनाथ सोमसे, अजित चंगेडिया, संगीता सिंदरा, प्रियंका चौधरी ने किया।



इस मौके पर राठौड परिवार, संगठन व समाज के पदाधाकारियों ने अतिथियों का स्वागत कर व उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किए। इस रक्तदान शिविर में ओमप्रकाश, मगराज राठी, भंवरलाल परिहार, मोहन सी. राठौड, शेषाराम सोलंकी, शेषाराम मुलेवा, जुगराज परिहार, मुलाराम काग, भंवरलाल शिवसेना, पुनम देवडा, वजाराम राठौड, चेनाराम सोयल, घीसाराम काग, हेमंत काग, रमेश परमार, नरेश गेहलोत, चतराराम सोमतरा, नेनाराम सोलंकी, जीवन राठौड, किशोर राठौड, अशोक राठौड, शांति राठौड रक्तदान शिविर में उपस्थित रहे। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के मौके पर अजित दादा सांगळे ने रक्तदान एक नई सोच के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों के लिए रक्त एकत्रित करने का यह कार्य अन्य लोगों को भी प्रेरणा देगा। उन्होंने लोगों को निस्वार्थ भाव से रक्तदान करने के लिए आगे आने की अपील की। उन्होंने स्व. सोमाराम राठौड के जीवन काल में किये सामाजिक व शैक्षणिक कार्य को याद किया। पुणे रिटेल व्यापारी संघ के अध्यक्ष सुनील गेहलोत ने कहा कि हमारा प्रयास हर जरूरतमंद को मिले रक्त। इसलिए पुणे जिला रिटेल व्यापारी संघ हर साल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। सचिन भाऊ निवंगुणे अध्यक्ष केट महाराष्ट्र राज्य ने कहा कि इस तरह के शिविरों का आयोजन होते रहना चाहिए। रक्तदान से जरूरतमंदों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने विचार एक नई सोच के प्रयासो की सराहना की। सूर्या सोशल फाउंडेशन रमेश चौधरी ने कहा रक्तदान को महादान कहा जाता है क्योंकि ऐसा करके आप कहीं किसी की जान बचा सकते हैं। डोनेट किए गए ब्लड को रोगियों के लिए इस्तेमाल किया जाता है। अखिल भारतीय सीरवी महासभा महाराष्ट्र राज्य के सचिव रामलाल काग ने स्व. सोमाराम राठौड को अपना सामाजिक गुरु कहते हुए कहा कि उनके भीतर ऐसा महामानव विराजमान था जिसके जेहन में सदा प्रेम,स्नेह व माधुर्य की रसधार प्रवाहित थी। चुन्नीलाल के. सोलंकी, कोषाध्यक्ष आईजी विद्यापीठ, जवाली ने कहा कि समाज रत्न स्व.सोमाराम राठौ? हम सबके प्रेरणापुंज की तरह थे। वे हम



सबके सच्चे साथी और मार्गदर्शक थे। उन्होंने अपने जीवन काल में 60 से अधिक बार रक्तदान किया, उन्ही की प्रेरणा से आज उनके जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रमेश, दिनेश कहा कि पुणे जिला रिटेल व्यापारी संघ धरातल पर कार्य कर रहा है और हम सभी जनहित के कार्यो में जुटे हुये है। अंतिम व्यक्ति की मद्द तक जारी रहेगा। इनमें पहली बार रक्तदान कर रहे युवाओ ने कहा कि उसे पहले भ्रम था कि रक्तदान से कमजोरी आती है लेकिन डॉक्टरों और ब्लड बैंक टीम ने उन्हें जागरूक किया । इस शिविर में दीनानाथ ब्लड बैंक से डॉ. केतकर ने कहा कि एक रक्तदाता तीन लोगो को जीवनदान देता है इसलिए सभी हर तीन-चार महीने में एक बार रक्तदान अवश्य करे, उन्होंने राठौड परिवार और पुणे जिला रिटेल व्यापारी संघ को इस महान कार्य के लिए धन्यवाद दिया। इस संपूर्ण आयोजन को सफल बनाने लिए श्रीमति कन्या स्वं. सोमाराम राठौड ने पुणे जिला रिटेल व्यापारी संघ, सभी रक्तदाता, आगंतुक मेहमानो और दीनानाथ ब्लड बैंक का आभार प्रकट किया ।

## संज्ञान में आते ही मदद के लिए प्रयास

**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे**

कलेक्टर श्री वर्मा ने सामाजिक संगठनों और नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि जिले में कही ऐसे जरूरतमंद बच्चें हो तो प्रशासन के संज्ञान में लाएं। प्रशासन हरसंभव मदद करने के लिए तैयार है। जैसे ही किसान संघ द्वारा उनको जानकारी दी गई। उन्होंने तुरंत उनके बारे में जानकारी और दस्तावेज जुटाने के बाद प्रकरण स्वीकृत किये गए। अब करीब 8 वर्षीय बालिका रक्षा (नाम बदला हुआ) और 5 वर्षीय बालक वैभव (नाम बदला हुआ) को योजना के तहत 4-4 हजार रुपये प्रतिमाह की सहायता प्रदान की जाएगी।

## लाड़ली बहना सेनाएं महिला सशक्तिकरण के लिए परमानेंट फार्मूलेशन- सीएम श्री चौहान

**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे**

## 10 जुलाई को बहनाओं के बटुए में आएगी 1-1 हजार रुपये की द्वितीय किस्त

खरगोन 6 जुलाई 23/मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश में महिला सशक्तिकरण के लिए ला?ली बहना सेनाएं एक परमानेंट फार्मूलेशन है। जो शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में मददगार और महत्वपूर्ण माध्यम बन सकती है। महिलाएं ही महिलाओं की बेहतरी के लिए बहुत कुछ कर सकती है। मुख्यमंत्री श्री चौहान बुधवार देर रात 9 बजे प्रदेश के समस्त कलेक्टर्स व कमिश्नर्स के साथ वीसी के माध्यम से ला?ली बहना योजना की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कलेक्टर्स से जिलों में गठित ला?ली सेना के सम्बंध में जानकारी ली। खरगोन जिले के सम्बंध में कलेक्टर श्री शिवराज सिंह वर्मा ने जानकारी दी।

## 9 जुलाई को लाड़लियों को आमंत्रण और 10 जुलाई को राशि

**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे**

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 10 जुलाई को बहनाओं के खातों में दूसरी ि?स्त जारी करने के सम्बंध में भी समीक्षा करते हुए 9 जुलाई को आमंत्रित करने और 10 जुलाई को इंदौर में होने वाले कार्यक्रम के माध्यम से शपथ लेने तथा उसी दिन ला?ली सेना की बहनाओं को गांवों में प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए हैं। 10 जुलाई को इंदौर में सुपर कॉरिडोर मैदान पर लाडली बहना योजना का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। वीसी में महिला बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रत्ना शर्मा और अतिरिक्त जिपं सीईओ श्री पुरुषोत्तम पाटीदार भी मौजूद रहे।

## 8 जुलाई को विधानसभा निर्वाचन की पूर्व तैयारियों के संबंध में बैठक

**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे**

खरगोन 06 जुलाई 2023। निर्वाचन नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अन्तर्गत मतदाता सूची में नाम जोड़ने, निरसन एवं संशोधन और विधानसभा निर्वाचन की पूर्व तैयारियों के संबंध में 8 जुलाई शनिवार को प्रातः 10 बजे समीक्षा बैठक आयोजित होगी। बैठक में निर्वाचक नामावली से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं एवं मतदान केन्द्रों पर मूलभूत संविधाओं के संबंध में विस्तृत चर्चा की जाएगी।

# धर्म का मर्म समझने के लिए प्रवचन श्रवण करना अनिवार्य है मुनि श्री राजपद्मसागरजी म.सा

**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरू ।** जे.पी.पी श्रमणी भवन में श्रद्धालुओं का समझाते हुए मुनि श्री राजपद्मसागरजी म.सा. ने कहा कि प्रवचन को महत्व देना चाहिए प्रवचन से ही परिचय होता। है हमारा खुद का, आत्मा का, एवं परमात्मा का परिचय होता है धर्मबिंदु ग्रंथ में आचार्य श्री हरिभद्र सूरीश्वरजी महाराजा फरमाते है कि धर्म का मर्म जानने के लिए। प्रतिदिन धर्म का श्रवण करना चाहिए, श्रवण से ही पता चलता है कि पुण्य क्या है, पाप क्या है, पुण्य करने से क्या लाभ - और पाप करने से क्या हानि होती और नमस्कार



महामंत्र के बार में समझाते हुए कहा कि नवकार मंत्र की महिमा अपरंपार है अरिहंत परमात्मा के बारे कहा कि अरिहंत प्रभु राग-द्वेष से रहित होते है। किसी के उपर नहीं राग-रखते नहिं द्वेष, अरिहंत परमात्मा दोनो के उपर समभाव रखते है, सात प्रकार के चक्रों के बारे कहा कपाल पर आज्ञाचक्र द्वारा अरिहंत परमात्मा कि स्थापना करके नमो अरिहंताणं पद द्वारा अरिहंत प्रभु कि आज्ञा को धारण करना है। मुनि श्री श्रमणपद्मसागर जी ने कहा कि गुणो को प्राप्त करना हो तो गुणवाणो की भक्ति, गुणीजनो के वचन ग्रहण करना चाहिए, नमस्कार के द्वारा विनयगुण कि प्राप्ति होती है, अरिहंत प्रभु के गुणगान करने से जो अनंत गुणो के भंडार है उनकी भक्ति, पूजा, अर्चना करना और गुणों कि प्राप्ति करना ।

# जरूरतमंद बच्चों की मदद के लिए प्रशासन का त्वरित रिस्पॉन्स

## कलेक्टर के प्रयासों से 2 बच्चों को 1 दिन में मिली सहायता

**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे**

खरगोन 6 जुलाई 23/कलेक्टर श्री शिवराज सिंह वर्मा जरूरतमंद बच्चों की मदद करने की सक्रियता किसी से छिपी नहीं है। उनके संज्ञान में आते ही आवश्यक जानकारी के साथ दस्तावेजों की पूर्ति कराकर सहयोग की हरसंभव कोशिश करते रहें है। चाहे वो जनसुनवाई में निर्धन व गरीब वर्ग की मदद के लिए रे?क्रॉस से आर्थिक सहायता प्रदान करने की बात हो या फिर वाट्सअप के माध्यम से जानकारी संज्ञान में आने पर वे तुरंत रिस्पॉन्स करते हुए मदद पहुँचाते है। 1 दिन पहले बुधवार को एक संघ द्वारा कलेक्टर श्री वर्मा के संज्ञान में ओझरा तहसील कसरावद में ऐसे बच्चों के बारे में बताया गया जिनके माता-पिता अब इस दुनिया में नहीं है। उनकी परवरिश उनकी दादी द्वारा की जा रही है। इसके बाद कलेक्टर श्री वर्मा ने महिला एवं बाल विकास विभाग को मामला सुपुर्द कर उसकी जानकारी जुटाई। गुरुवार को उन दो बच्चों को मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना के तहत प्रकरण स्वीकृत करते हुए राशि जारी करने के निर्देश दे दिए हैं। ज्ञात हो कि इसी तरह 26 जून को कलेक्टर श्री वर्मा को एक जनप्रतिनिधि द्वारा राधिका के जटिल जीवन के बारे में बताया गया। इसके बाद उन्होंने सक्रियता दिखाते हुए राधिका का ओमेंटल सिष्ट का ऑपरेशन कराया। अब राधिका का उपचार होने के बाद स्वास्थ्य लाभ ले रही है। इससे पूर्व 8वी पास होनहार छात्र जो जुगा? से रोबोट बनाकर उपयोगिता बताई थी। उसे भी आगे की शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करते हुए आर्थिक मदद के साथ आगे शिक्षा व सहयोग प्रदान करने के लिए आश्वस्त किया। ऐसे कई मामलें है जिनमें कलेक्टर श्री वर्मा ने संवेदनशीलता दिखाकर मदद पहुँचायी है।

# बुजुर्ग होते हैं अनुभव की खदान-लेफ्टिनेंट कर्नल यश छिब्बर






**भोपाल/विदिशा।** श्रीहरि वृद्धाश्रम विदिशा में 14 एम पी बटालियन के कार्यवाहक कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल यश छिब्बर के निर्देशन में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय विदिशा, शासकीय गर्ल्स कालेज, एस ए टी आई कालेज के सौ से अधिक एन सी सी कैडेट्स ने सेवाभाव समर्पित किया।इस अवसर पर लेफ्टिनेंट कर्नल श्री छिब्बर ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे बुजुर्ग हमारी अमूल्य निधि हैं। उनका अनुभवी ज्ञान हमारे जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है। उनकी सेवा सुश्रुषा से हमें आत्मिक शांति और सुख प्राप्त होता है। उन्होंने कैडेट्स को कहा कि आप जब वृद्धों के पास बैठते हैं तो आपको ऐसी अमूल्य




बातें और अनुभव मिलते हैं जो किसी किताब में नहीं होते। हमें स्वयं उनकी भावनाओं और इच्छाओं को समझना चाहिए। इस अवसर पर सभी बुजुर्ग बच्चो का संग पाकर खुशी से झूम उठे। सभी कैडेट्स बच्चों ने बुजुर्गों से बातें कीं और भावुक हो गए। उन्होंने संकल्प लिया कि हम अपने माता, पिता, दादा, दादी के साथ आजीवन सम्मान पूर्वक व्यवहार करेंगे।कार्यक्रम में बटालियन के सूबेदार मेजर हृदय रंजन, सूबेदार संदीप सहित समस्त पी आई स्टाफ और एन सी सी अधिकारी पुनीत संज्ञा भी मौजूद रहे। इस अवसर पर बटालियन की ओर से बुजुर्गों को फल और उपयोगी सामग्री भेंट की गई।कार्यक्रम का संचालन एवं परिचय वृद्ध आश्रम के संचालक वेद प्रकाश शर्मा ने किया। अंत में वृद्ध आश्रम की अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा शर्मा ने सभी केडेट्स का आभार व्यक्त किया ।

## कलेक्टर ने ग्राम पंचायत डूडा सचिव को किया निलंबित

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने शासकीय कार्य में जानबूझकर रूचि नहीं लेने पर राजेश सिंह कुशवाह, सचिव ग्राम पंचायत डूडा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर कहा है कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण ( मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम) योजनांतर्गत वर्ष 2020-21 में शासकीय माध्यमिक विद्यालय डूडा को एल 2- स्तर की राशि रूपये 7. 20 लाख (एमडीएम 2. 95+मनरेगा 4.25 ) की जारी की गई थी। विगत चार माह से किचिनशेड की अद्यतन जानकारी गूगलमीट एवं समीक्षा बैठक के दौरान चाहे जाने पर आपके द्वारा आज दिनांक तक किचिनशेड की भौतिक स्थिति से अवगत नहीं कराया गया है। कार्यालयीन पत्र दिनांक 03 जुलाई 2023 से अधूरा एवं कार्य प्रारंभ न होने के कारण ग्राम पंचायत डूडा में पदस्थ सचिव राजेश सिंह राजावत को समक्ष में उपस्थित होने हेतु लेख किया गया था, जिसमें संबंधित द्वारा अवगत कराया गया कि तत्समय राशि का आहरण हमारे द्वारा कर लिया गया था, कार्य आज दिनांक तक प्रारंभ नहीं कराया गया है।उपरोक्त स्थिति से स्पष्ट है कि सचिव ग्राम पंचायत डूडा राजेश सिंह राजावत के द्वारा शासकीय कार्य में जानबूझकर रूचि नहीं ली जा रही है, जिससे शासकीय कार्य बाधित हुआ है। श्री राजेश सिंह कुशवाह, सचिव ग्राम पंचायत डूडा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय जनपद पंचायत गोहद नियत किया जाता है एवं निलंबन अवधि में इनको नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता रहेगी।

## कांग्रेस की सरकार बनते ही महंगाई पर लगेगा अंकुश :मान सिंह कुशवाह

# कांग्रेस की सरकार बनाओ संकल्प सभा संपन्न,राठौर को मिली जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** किसान,मजदूर, बेरोजगारी, महंगाई की समस्या को लेकर ग्रामीण स्तर पर कांग्रेस की सरकार बनाओ संकल्प सभा का आयोजन मेहगांव विधानसभा के बरासों प्राचीन शिव मंदिर परिसर में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस जिलाध्यक्ष मान सिंह कुशवाह उपस्थित रहे । कार्यक्रम आयोजक नरेश सिंह राठौर (फौजी) द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राहुल भदौरिया द्वारा की गई। कार्यक्रम में वरिष्ठ अथिति के रूप में भिंड दतिया लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी देवाशीष जरारिया,रंजीत गुर्जर,अमित दांतरे,रामहरि शर्मा,बिजेंद्र सिंह कल्लू,देवेंद्र राजावत आदि लोग मौजूद रहे ।कार्यक्रम का संचालन इलियास खान द्वारा किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी वक्ताओं ने अपनी बात रखी। इसी क्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष मान सिंह कुशवाह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा।भारतीय जनता पार्टी ने जिस तरह देश प्रदेश में मंहगाई बड़ाई है, जिस से आमजन त्रास्त हैं किसानों के लिए उपयोगी वस्तुएं चाह बो खाद हो बीज हो किसान संबंधी उपकरण हो किसी को भी जीएसटी से बाहर नही रखा गया है,किसान हमारे देश की आर्थिक



धुरी है,और उन्हें राहत देने की जगह भारतीय जनता पार्टी उनसे टैक्स वसूलने का काम कर रही है। यही भारतीय जनता पार्टी चुनाव नजदीक आते आप सब लोगो को कई तरह के प्रलोभन देने लगती है पर क्या आप भूल गए जब आप के साथ एक बोरी खाद के बदले लट्ठ देने का काम भी इसी भारतीय जनता पार्टी के द्वारा किया जाता है।बेरोजगारी का तो ये आलम ह की किसान भाइयों के द्वारा अपने बच्चो को पढ़ाने के लिए खेत तक बेच दिए जाते है उन्हे लगता हैं पढ़ने के बाद उनके बच्चो की नौकरी लग जाए तो उनका जीवन सफल हो जाए। पर भारतीय जनता पार्टी जिस तरह देश प्रदेश में रोजगार देने में असफल हुई है रोजगार न मिलने से आज युवा रोड पर घूम रहे है दर दर भटकने पर मजबूर हे। इधर बढ़ती मंहगाई से आमजन का जीना दुर्लभ हो गया है आज से कुछ समय पहले जाकर देखिए कांग्रेस सरकार में पेट्रोल,डीजल,गैस खाद, बीज,खाद्य सामग्री कितने की मिलती थी अब कितने की हे अब आप लोग खुद ही हिसाब लगा लो कोन सी सरकार किसान हितैषी सरकार है। जो मंहगाई साठ सालों में नही बड़ी उससे कई गुना मंहगाई सात सालों में बड गई है इसी क्रम में राहुल भदौरिया,रणजीत गुर्जर,अमित दांतरे,प्रमोद चौधरी, देवाशीष जरारिया उपस्थित वक्ताओ ने विचार रखे।कार्यक्रम का आभार कार्यक्रम आयोजक नरेश सिंह राठौर ने किया। नरेश सिंह राठौर की पार्टी के प्रति निष्ठा समर्पण सक्रियता को देखते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाह द्वारा नरेश सिंह राठौर को जिला उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी भी सौंपी गई।राठौर के उपाध्यक्ष बनने के बाद राठौर समाज व अन्य मित्र मंडल ने जताया कांग्रेस पार्टी का आभार।

## सरपंच कि दरियादिली

# डीपी रखने से ग्रामीणों को हुआ लाभ,ग्राम समन्ना में लाइट की समस्या से मिलेगी निजात



**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। ग्राम पंचायत समन्ना सरपंच प्रतिनिधि चंचल सोनू ठाकुर ने ग्रामीण क्षेत्र में डीपी रखवा कर वर्षो पुरानी लाइट कि समस्या का निराकरण करवाया। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत समन्ना के रैकवार मोहल्ला में लाइट और वोल्टेज की समस्या से ग्रामीणों को लगभग 20 वर्ष जूझना पड रहा था जिसमें सभी प्रकार की कोशिशों के बावजूद भी इस समस्या का निराकरण नहीं हो पा रहा था परन्तु वर्तमान सरपंच की मेहनत के कारण उस मोहल्ले में डीपी रखवा कर लाइन को चालू कराया गया। जिससे एक बहुत पुरानी समस्या का निराकरण हुआ और 200 घरों के लिए लाइट की सुचारू व्यवस्था चालू हो गयी। सरपंच द्वारा कराये गए इस प्रशंसनीय कार्य कि ग्रामीणों द्वारा सराहना कि गयी।

## तहसील कार्यालय दमोह एवं हिंडोरिया में राजस्व संबंधी शिविर का आयोजन

**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** कलेक्टर मयंक अग्रवाल द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत अनुविभागीय अधिकारी गगन विशेन के मार्गदर्शन में तहसील कार्यालय दमोह में राजस्व संबंधी आवेदनों के निराकरण हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में तहसीलदार मोहित जैन ने बताया अभियान अंतर्गत अविवादित नामांतरण, अविवादित बंटवारा, एवं सी.एम. हेल्प लाइन की शिकायतों के निराकरण के लिए आज 07 जुलाई दिन शुक्रवार को विशेष शिविर का आयोजन किया जायेगा, जिसमे आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया जाएगा। उन्होंने बताया शिविर में नामांतरण के प्रकरणों में निराकरण कर तत्काल ही आदेश की कॉपी भी आवेदको को प्रदाय की जाएगी। तहसीलदार द्वारा तीन पीठ नायब तहसीलदार हिंडोरिया, अभाना एवं दमयंती नगर बनाई गई हैं। हिंडोरिया क्षेत्र के प्रकरण तहसील कार्यालय हिंडोरिया में एवं शेष सभी तहसील कार्यालय दमोह में आयोजित शिविर में निराकरण किए जायेंगे। शिविर में सभी नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, 70 पटवारी, राजस्व कर्मचारी, उपस्थित रहकर आवेदनों एवं सीएम हेल्प लाइन की शिकायतों का निराकरण करेंगे। तहसीलदार मोहित जैन ने आवेदको से शिविर में उपस्थिति होकर लाभ लेने के लिये आग्रह किया है।

सम्पादक की कलम से

## गुलाबी तस्वीर

ऐसे वक्त में जब कोरोना संकट और रूस-यूक्रेन युद्ध से उपजे हालात से वैश्विक अर्थव्यवस्थाएं उबरने की कोशिश कर रही हैं, भारत का शेयर बाजार कुलांचें भर रहा है। बीते सोमवार को पहली बार सेंसेक्स का पैंसठ हजार के पार होना सुखद ही रहा। निफ्टी ने भी नई ऊंचाई तय की। दरअसल, भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर वैश्विक नियामक वित्तीय संस्थाओं ने हाल में सकारात्मक प्रतिसाद दिया है। निस्संदेह, भारत की अर्थव्यवस्था इस समय तेजी से बढ़ रही है। जिससे विदेशी निवेशकों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर भरोसा बढ़ रहा है। दरअसल, हाल के दिनों में महंगाई की दर में कुछ कमी दर्ज की गई, रुपया डॉलर के मुकाबले मजबूत हुआ और कच्चे तेल के दाम में कमी से बाजार को संबल मिला। जिसका असर शेयर बाजार पर भी नजर आया। कहीं न कहीं दुनिया में भी मंदी से उबरने के संकेत नजर आ रहे हैं। यही वजह है कि विदेशी संस्थागत निवेशक घरेलू बाजार में निवेश कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर पिछले दिनों आए आंकड़ों के अनुसार देश की अर्थव्यवस्था का अधिकांश मापदंडों पर प्रदर्शन उत्साहवर्धक रहा है। जिसका प्रमाण जीएसटी संग्रह में आई तेजी है, जिसमें बारह फीसदी की बढ़ोतरी बतायी जा रही है। वहीं आने वाले दिनों में कृषि क्षेत्र में बेहतर होने की उम्मीद है। इसकी एक वजह यह है कि देश के कई भागों में समय से पहले मानसून की आमद हुई है। पहले आशंका जतायी जा रही थी कि अल नीनो प्रभाव व हालिया चक्रवाती तूफान की वजह से मानसून की गति बाधित हो सकती है। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। भरपूर मानसून से नई उम्मीदें जगी हैं कि खाद्यान्न उत्पादन उत्साहजनक रहेगा, जिससे निवेशकों में उत्साह पैदा हुआ है। वहीं दूसरी ओर देश में विदेशी पूंजी का प्रवाह बने रहने और घरेलू बाजार में तेजी के चलते रुपये को मजबूती मिली है। जिससे वह डॉलर के मुकाबले कुछ मजबूत हुआ। इन सभी सकारात्मक रुझानों के चलते ही शेयर बाजार झूमता नजर आया। वहीं हाल में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने खुलासा किया कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं और बीते वित्तीय वर्ष में उनका मुनाफा बढ़कर एक लाख करोड़ से अधिक हो गया। हालांकि, सरकार इस मुनाफे के लिये अपनी नीतियों को श्रेय दे रही है,लेकिन बैंकों को अभी अपेक्षित लक्ष्यों के लिये बहुत कुछ करना बाकी है। खासकर पीएसबी की कार्यशैली सुधारने और उन्हें निजी बैंकों की प्रतिस्पर्धा में मजबूत बनाने की जरूरत है। पीएसबी के मुनाफे का आंकड़ा उत्साहजनक है, लेकिन जरूरत इस बात की भी है कि कार्यशैली में गुणात्मक रूप से सुधार हो। बैंकों का माहौल कर्मचारियों की आकांक्षाओं के अनुरूप बने क्योंकि पिछले दिनों में बैंक कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर गाहे-बगाहे असंतोष जाहिर करते रहे हैं। कहीं न कहीं बैंकों के कर्मचारी निजीकरण की चिंताओं और बेहतर सुविधाओं को लेकर आंदोलित रहे हैं।

# देश की एकता–अखंडता के लिए पहल जरूरी

देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए देश में राजद्रोह कानून को लागू करना बहुत जरूरी है। विधि आयोग के अध्यक्ष रितुराज अवस्थी द्वारा कही इस बात ने एक बार फिर राजद्रोह कानून की प्रासंगिकता को साबित कर दिया है। हालांकि राजद्रोह कानून के लागू होने या स्थगित किए जाने की ये चर्चा नई नहीं है। बीते साल मई में सुप्रीम कोर्ट ने राजद्रोह कानून को स्थगित कर दिया था। तब सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से ब्रिटिश काल के इस कानून में संशोधन करने को कहा था। अब मई, 2023 में केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में अपना पक्ष रखते हुए कहा कि कानून की समीक्षा प्रक्रिया अंतिम चरण में है। इसे मानसून सत्र में पेश किया जा सकता है।

भारतीय समाज में न केवल भाषाई, बल्कि धार्मिक एवं जातिगत विविधता व्याप्त है। देश के तमाम क्षेत्र समय-समय पर इस कारण सांप्रदायिक दंगों में झुलसे रहते हैं। ऐसे में एक स्थायी सरकार का होना बेहद जरूरी है। राजद्रोह कानून देश में चुनी गई लोकतांत्रिक सरकार को स्थायित्व प्रदान करती है और सांप्रदायिकता के खिलाफ सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियानों को सफल बनाती है। किसी देश की वृद्धि और विकास में जितनी महती भूमिका मजबूत न्यायपालिका की है, उतनी ही जरूरी कार्यपालिका भी है। इसलिए न्यायपालिका की अवमानना करने पर दंडात्मक कार्यवाही का प्रावधान तार्किक है।



राजद्रोह कानून की प्रासंगिकता को नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो द्वारा जारी आंकड़ों के जरिए भी समझा जा सकता है। सितंबर, 2022 में एनसीआरबी के जारी आंकड़े देशद्रोह कानून के महत्व का समर्थन करते मिलते हैं। ब्यूरो की एक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2014-2021 के बीच देश में राजद्रोह के 475 मामले दर्ज हुए हैं। इसमें से 69 मामले असम में दर्ज किए गए। वहीं हरियाणा में 42, झारखंड में 40 और जम्मू-कश्मीर में 29 राजद्रोह के मामले दर्ज किए गए हैं। ये आंकड़े इस बात की पुष्टि हैं कि देश की आंतरिक सुरक्षा को बनाए रखने के लिए राजद्रोह कानून का लागू होना एक जरूरत है। उत्तर-पूर्व राज्यों में फैले माओवाद, झारखंड और छत्तीसगढ़ में व्याप्त नक्सलवाद को नेस्तनाबूद करने के लिए राजद्रोह कानून का होना जरूरी है। उदरअसल, राजद्रोह को अपराध बनाने वाले कानून की संवैधानिकता को सुप्रीम कोर्ट में कई बार चुनौती दी गई है। जुलाई, 2022 को सुप्रीम कोर्ट ने राजद्रोह के कानून के इस्तेमाल पर रोक लगा दी थी। न्यायालय ने टिप्पणी करते हुए कहा कि आजादी के 75 साल बाद भी देश में इस कानून की जरूरत क्यों है? सुप्रीम कोर्ट की इस टिप्पणी पर विधि आयोग ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि इस कानून को केवल इस आधार पर निरस्त करना उचित नहीं होगा कि यह एक औपनिवेशी काल का कानून है। दुनिया के कई देश ऐसे कानूनों को निरस्त कर चुके हैं, जिसका खमियाजा उन्हें उठाना पड़ रहा है। ऐसा करना भारत की वर्तमान जमीनी हकीकत से आंखें मूंद लेना होगा। विधि आयोग ने यह भी कहा कि इस कानून को निरस्त करने से समाज में अराजकता बढ़ सकती है। विधि आयोग का कहना है कि महज इस तर्क पर कानून की उपयोगिता को आंका नहीं जा सकता कि अंग्रेजों के जमाने के नियम, कानून हमें उनके शोषित रवैये और हमारी परतंत्रता की याद दिलाते हैं। देखा जाए तो आज भी देश में तमाम नियम, कानून, इमारतें ऐसी हैं, जिनके नाम ब्रिटिश काल को स्मरण कराते हैं। फिर भी उनके लाभों को देखते हुए उन्हें संविधान, समाज में आज भी स्थान मिला हुआ है। यही बात राजद्रोह कानून के लिए भी सत्य है। वैश्विक पटल पर भारत की उज्ज्वलित होती छवि पड़ोसी देशों चीन, पाकिस्तान की चिंताओं को बढ़ा रही है। भारत के सीमावर्ती दोनों देश हमें कमजोर करने के लिए अलगाववादी और आतंकवादी ताकतों को पोषित कर रहे हैं। पड़ोसी देशों से सहायता प्राप्त करने वाली इन राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के दमन के लिए राजद्रोह कानून का होना जरूरी है। हालांकि कुछ लोगों के तर्क ये भी हैं कि देश में अलगाववादी और आतंकवादी गतिविधियों से निपटने के लिए यूएपीए अधिनियम व राष्ट्रीय सुरक्षा कानून हैं। ऐसे में राजद्रोह कानून की क्या आवश्यकता है? हमें नहीं भूलना चाहिए कि अलगाववाद और आतंकवाद का जन्मदाता कहीं न कहीं राजद्रोह है। राजद्रोह कानून को समय पर लागू होने से ऐसी घटनाओं को घटने से पहले रोका जा सकता है। देश की अखंडता, एकता के साथ उसकी आंतरिक और बाह्य सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सकता है। वहीं दूसरी ओर देश के एक बड़े वर्ग में इस कानून को लेकर विरोध का भाव है। एक वर्ग का कहना है कि राजद्रोह कानून संविधान संगत नहीं है। यह भारतीय संविधान में वर्णित मौलिक अधिकारों का हनन करता है। संविधान अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार देता है, जो हर भारतीय का मौलिक अधिकार है। यह कानून सरकार को तानाशाह बना सकता है। भारतीय संविधान जो कहीं न कहीं गांधीवाद को धारण किए है तो राजद्रोह कानून गांधीवाद के राइट टू डिसेंट यानी मतभेद के अधिकार को पूर्णत~ खारिज करता है। बहरहाल, देखना होगा कि आगामी 20 जुलाई से शुरू हो रहे मानसून सत्र में सरकार की ओर से राजद्रोह कानून में संशोधन करने का जो प्रस्ताव लाया जाएगा, वह किस सीमा तक इस कानून के नकारात्मक और सकारात्मक पक्षों में संतुलन बैठा पाएगा।


# वातानुकूलित लोकवाहक के जलवे

भारतीय सड़कों पर ट्रकों को निर्विवाद रूप से खलनायक का-सा सम्मान प्राप्त रहा है। घों-घों की तीव्र आवाज के साथ गुजरते किसी ट्रक पर दृष्टिपात होते ही राहगीर हड़बड़ाकर अपने सवारी को पगडंडी की ओर धकेलना शुरू कर देते हैं। साहित्य और सिनेमा में भी इस आतिशी छवि का प्रतिबिम्ब देखा जा सकता है। रागदरबारी में एक ट्रक भारतीय दंड संहिता की धारा का आरोपी नजर आता है। एक्सीडेंट के सैकड़ों अन्य तरीके होने पर भी हीरो की कार को किसी मरखुन्ने ट्रक से कट मरवा कर खाई में गिराने का फार्मूला सदैव फ़िल्मी निर्देशकों का पसंदीदा रहा है।

अब सरकार ट्रकों की छवि को सुधारने के चक्कर में है। संभवतः उसे विपक्ष के अलावा किसी और का खलनायक कहलाना पसंद नहीं। वह ट्रकों को वातानुकूलित होने का फरमान जारी कर रही है। हमारे समाज में वातानुकूलित होना अभिजात्यता का प्रतीक माना जाता है। सरकार को लगता है कि वातानुकूलित परिवार के सदस्य बनने के बाद उसकी लाज रखने का ख्याल अवश्य ही ट्रक चालकों को श्रेष्ठ आचरण करने के लिए प्रेरित करेगा।

आने वाले समय में डैने फैलाकर सड़कों से डराने वाले ट्रक का दिखाई देना गये जमाने की बात होने वाली है। आगामी कालखंड बंद दरवाजे और चढ़े कांच के केबिन वाले ट्रकों का होने वाला है। 'वातानुकूलित लोकवाहक' लिखे हुए इन ट्रकों का दीदार अत्यंत सुकूनभरा होगा। भीषण लपटों और धूल के महासागर से हैरान ट्रक चालक के मुख से मानव सुलभ वृत्ति के कारण गालियों की बौछारें निकलना स्वाभाविक प्रक्रिया है। ट्रक चालकों के निरंतर आशीर्वचनों से उस पर लदी सामग्रियां भी अवश्य प्रभावित होती होंगी। उम्मीद है अब वातानुकूलित केबिन में बैठे प्रसन्नचित्त चालकों के आभामंडल के फलस्वरूप लोगों को सकारात्मक ऊर्जा मिला करेगी।

ट्रकों के वातानुकूलित होने के कुछ दुष्परिणाम भी हो सकते हैं। फिर हाथ दिखाकर मुड़ने का संकेत देने की कला लुप्त हो जायेगी। चालकों को लुपलुपाते संकेतकों और बिना संकेत दिये मुड़ जाने के तरीकों पर ही निर्भर रहना पड़ेगा। कार चालकों का कांच नीचे कर उससे मुंडी निकालते हुए ट्रक चालकों को गरियाने का आनंद भी जाता रहेगा। सड़क किनारे के खुले ढाबों में पड़ी खाटें भी अपने ऊपर पसरने वाले का इंतजार करते धीरे-धीरे दम तोड़ देंगी। वातानुकूलित केबिन में चलने वाले को रस्सी से बुनी उन शय्याओं का हवादार होना अब क्या खाक आकर्षित किया करेगा। एक डर मिसेज मोंगा सिंह को भी है। क्या पता महीने के बीस दिन ट्रक के संग बिताने वाले मोंगा सिंह को अब गैर-वातानुकूलित घर दस दिन भी सुहाता है या नहीं। इस बीच पर्यावरण पर हाय-हाय करने वाले पुनः सक्रिय हो गये हैं।




पेज-6
मणिपुरी फुटबॉलर मेडल सेरेमनी में मैतेई झंडा लेकर पहुंचा

# सुलगते फ्रांस में समानता–बंधुत्व के प्रश्न

सवाल यह है कि प्रधानमंत्री मोदी 14 जुलाई को बैस्टिल दिवस समारोह में पेरिस जा पाते हैं या नहीं? फ्रांस हिंसा, आगजनी और तोड़फोड़ की चपेट में है। फ्रांस में 14 जुलाई को राष्ट्रीय समारोह होता है। मध्ययुगीन क़िला बैस्टिल कभी क्रूरता का प्रतीक रहा था, जिसे 1417 में जेल के रूप में इस्तेमाल किया जाने लगा था। बोरबॉन शासकों के समय राजनीतिक कैदियों को वहां रखा जाता था। बोरबॉन राजाओं का कालखंड, 1589 से 1793 और 1814 से 1830 रहा है। पेरिस के पूरब में अवस्थित प्राचीन 'बैस्टिल' का क़िला बोरबॉन के कठोर शासन का प्रतीक था, जिसे जनता ने नेस्तनाबूद कर दिया था। तो क्या आज का फ्रांस मध्ययुगीन बोरबॉन शासकों की तरह है?

14 जुलाई को 1789 वो तारीख़ी दिन है, जब फ्रांस की जनता दमनकारी सत्ता के विरुद्ध सड़कों पर उतर आई थी। हथियारों और गोला-बारूद से भरे बैस्टिल जेल पर विद्रोहियों ने कब्जा कर लिया, वहां बंद सात क़ैदियों को रिहा कराया। क़िलेनुमा बैस्टिल जेल को विद्रोहियों ने बारूद से उड़ा दिया, उसकी एक-एक ईंट यादगार के रूप में पब्लिक उठा ले गई। फ्रांसीसी क्रांति की शुरुआत और क्रूर शासन के अंत का प्रतीक बन गया बैस्टिल क़िला। लिबर्टी, इक्वलिटी, फ्रेटरनिटी (स्वतंत्रता-समानता और बंधुत्व) फ्रांसीसी क्रांति के गर्भ से निकले शब्द थे, जिसे 1958 के संविधान में हीरे की तरह जड़ा गया था। बैस्टिल जेल वाली जगह पर स्मृति स्तंभ की स्थापना की गई, जिसके गिर्द फव्वारे बनाये गये। आप पेरिस जाएं, तो ये स्तंभ और फव्वारे माज़ी की याद दिलायेंगे।

मानकर चलिये कि बैस्टिल डे समारोह पर




पानी फिर चुका है। मुख्य समारोह के केवल नौ दिन रह गये हैं। मालूम नहीं, 14 जुलाई को क्या होगा? भारतीय विदेश मंत्रालय भी इस विषय पर कुछ पूर्वानुमान लगाने से परहेज कर रहा है। लेकिन 14 जुलाई के समारोह में जो तैयारियां भारत की ओर से थीं, उसमें तीन राफेल युद्धक विमानों को वहां उड़ान भरने के वास्ते भेजा जाना है। फ्रांस से रणनीतिक साझेदारी का यह 25वां साल है। इसे और तारीख़ी बनाने के लिए, भारतीय वायुसेना के जांबाज कलाबाजियां दिखाने के लिए तैयार बैठे हैं। मुख्य अतिथि के तौर पर प्रधानमंत्री मोदी की शिरक़त के बाद के कार्यक्रमों में भारत-फ्रांस के बीच भविष्य की रणनीतिक साझेदारी तय होनी है। पेरिस स्थित भारतीय दूतावास ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति में दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक, वैज्ञानिक, अकादमिक, सुरक्षा, उद्योग व आर्थिक सहकार सुनिश्चित किये जाएंगे। मंगलवार, 27 जून को पेरिस के उपनगर नांतेर में जो कुछ हुआ, गनीमत है कि संसद में उसकी लीपापोती नहीं हुई। फ्रांस की नेशनल असेंबली में पुलिस की गोली से मारे जाने वाले नाहेल के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए एक मिनट का मौन रखा गया था। पेरिस के उपनगर नांतेरे में 17 साल के किशोर नाहेल को ट्रैफिक पुलिस ने जिस बर्बरता से गोली मारी थी, उसे सही ठहराते हुए राष्ट्रपति मैक्रों ने जो दो बयान दिये थे, उसने जनाक्रोश की आग में घी का काम किया था। 27 जून, 2023 की इस घटना के अगले दिन राष्ट्रपति इमानुअल मैक्रों दो बातें बोल गये। पहला, 'ट्रैफिक पुलिस ने जो किया, सही किया।' दूसरा, 'कुछ लोग किशोर नाहेल की मौत को आंदोलन का अस्त्र बना रहे हैं, इसे हम बर्दाश्त नहीं करेंगे।' नाहेल की हत्या के विरोध में 1350 गाड़ियां स्वाहा हो गई, 240 इमारतें आग के हवाले कर दी गईं, आगजनी, लूटपाट की 2560 घटनाएं रविवार तक दर्ज़ हो चुकी थीं। तीन हज़ार से अधिक लोग उत्पात के आरोप में गिरफ्तार हैं। पेरिस, लीले, ल्यों, मर्सिले, श्ट्राशबुर्ग, ग्रीनोबेल हिंसा की चपेट में हैं। लेकिन संसद में गृहमंत्री जेराल्ड दरमेंदा ने जो वीडियो फुटेज दिखाये, वो सबको हतप्रभ कर गया। दो ट्रैफिक पुलिस वाले 17 साल के किशोर नाहेल को यातायात उल्लंघन की वजह से निशाने पर ले चुके थे। एक पुलिस वाले ने कहा, 'मार इसको।' पिस्तौल ताने दूसरे ने कहा, 'इसकी खोपड़ी में दागता हूं गोली।' संसद में जिसने भी फुटेज देखा हतप्रभ रह गया। उससे पहले शासन में बैठे लोग यही कहानी दोहराये जा रहे थे कि पुलिस ने आत्मरक्षार्थ उस उद्दंड टीनएज नाहेल पर गोली चलाई थी। यह हैरतअंगेज है कि नाहेल को जहां गोली मारी गई, उस सड़क का नाम 'नेलसन मंडेला प्लेस' है। जिस फ्रेंच पुलिस वाले ने उत्तर अफ्रीक़ी मूल के मुस्लिम किशोर 'नाहेल एम' को गोली मारी है, वह फिलहाल सलाखों के पीछे है। मगर, उसे निपटाने के लिए धुर दक्षिणपंथी नेता मारीन रे-पेन के पूर्व सलाहकार ज्यों मसीहा ने 'गो फंड मी' अभियान के तहत पैसे जुटाना शुरू किया। इस क्राउड फंडिंग में सोमवार शाम तक 11 लाख डॉलर आ चुके थे। इसके विरोध में सेंटरिस्ट लेफ्ट राजनीति करने वालों को तन के खड़ा होने का अवसर मिल गया है। राष्ट्रपति मैक्रों ने एक ट्वीट में लिखा, 'ज्यों मसीहा दंगों का जेनरेटर है। उसके द्वारा जुटाये पैसों से अंगारों को और भड़काया जाएगा।' इतना तो कुबूल करना होगा कि फ्रांस में ट्रैफिक पुलिस, क़ानून का दुरुपयोग करती रही है। उसका मन पहले से बढ़ा हुआ है। वर्ष 2023 की यह दूसरी घटना है, जब सड़क यातायात नियमों के उल्लंघन में गोली मारी गई। 2022 में ऐसी 138 घटनाएं दर्ज़ की गई थीं, जिसमें 13 लोग मारे गये। सवाल यह है कि क्या फ्रांस की ट्रैफिक पुलिस उस देश की अदालत से ऊपर है, जिसे मौत के घाट उतारने का अधिकार मिला हुआ है? फ्रेंच पुलिस की कार्रवाइयों पर ग़ौर करें, तो लगता है कि उसके निशाने पर उत्तर अफ्रीक़ी देशों से आये लोग अधिक हैं। उन्हें कीड़े-मकौड़े समझना क्या 'स्वतंत्रता-समानता और बंधुत्व' के संवैधानिक संकल्प का मज़ाक नहीं है? फ्रांस में अराजकता की स्थिति दोनों तरफ से पैदा की हुई लगती है। देश में 50 लाख से अधिक मुस्लिम आबादी को लगता है कि उनके साथ न्याय नहीं हो रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म के तमाम पोस्ट इस आक्रोश की अभिव्यक्ति करते रहते हैं। मुद्दा बुर्के पर पाबंदी का हो, अथवा शार्ली आब्दो में मुहम्मद साहब के कार्टून छापने का, उबाल बहुत जल्द आता है, और वह बेकाबू हो जाता है। उत्पात से 2005 में आपातकाल लगा, और 13 नवंबर, 2015 को 130 लोगों की गोली मारकर हत्या के बाद भी लगाया गया था। तब आपातस्थिति पांच बार बढ़ाई गई। जुलाई, 2016 में नीस की बैस्टिले खाड़ी में 86 लोग मारे गये थे। चुनांचे, 2017 तक आपात स्थिति बनी रही, जिसे 1 नवंबर, 2017 को मैक्रों ने हटाया था। मैक्रों इस समय दुविधा की स्थिति का सामना कर रहे हैं। शायद, प्रधानमंत्री मोदी उन्हें मरहम लगायें।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी की जयंती मनाई



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर भाजपा महाराणा प्रताप मंडल के कार्यकर्ताओं ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्य रूप से राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की सदस्य श्रीमती कृष्णकांता तोमर,भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक बाल्मीकि,मंडल महामंत्री अनुज बाल्मीकि,मंडल के मंत्री पूर्व पार्षद कामता कुशवाहा,दिनेश लखेरे सहित मंडल के कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

# मालनपुर नगर परिषद में भाजपा कांग्रेस में सेध लगाने के लिए तीसरी पार्टी ने पकड़ा जोर आम आदमी पार्टी हुई सक्रिय

**पुष्पांजली टूडे मालनपुर संवाददाता पहलवान सिंह राजावत**

मध्य प्रदेश में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव में गोहद विधानसभा 13 में तीसरी शक्ति आम आदमी पार्टी ने जोर पकड़ते दिखाई दे रही है इसी क्रम में केजरीवाल की आम आदमी पार्टी अरक्षित सीट से अपना चुनाव झाड़ू को लेकर एक संगोष्ठी की जिसमें मालनपुर क्षेत्र के प्रत्येक गांव के 10- 10 ग्रामीण जनों को बुलाकर चर्चा की और कहा कि गोहद विधानसभा सुरक्षित सीट पर सामान वर्ग का मतदाता निर्णायक होता है नगर एवं चौरासी क्षेत्र एवं नोन जाटव समाज की मांग की है तो आम आदमी पार्टी की और से मैं चुनाव मैदान में आ रहा हूं आप लोगों की आशीर्वाद दें हालांकि इस आम पार्टी में आपका भी चुनाव प्रत्याशी टिकट की दावेदारी में आधा दर्जन प्रत्याशी लाइन में हैं परंतु जो प्रत्याशी पार्टी में खड़ा उतरेगा उसको टिकट दिया जाएगा इस संभावित प्रत्याशी में रणवीर सिंह परिहार जिला पंचायत सदस्य महगाव , महेश सिंह करारिया गोहद, जसवंत पटवारी गोहद, दिनेश महौर गोहद राजेश आर्य



अशोक सिंह जाटव मेहगांव निवासी इस विधानसभा अरक्षित से आम आदमी पार्टी से टिकट मांगने वालों मे लाइन में है आम पार्टी का चुनाव चिन्ह झाड़ू है ऐसा दिखाई दे रहा है कि इस विधानसभा अरक्षित सीट से अभी तक कांग्रेस बीजेपी को चुनाव जीतने में भागीदारी निभाई है इस क्षेत्र में बहुजन समाज पार्टी का अस्तित्व प्रभाव कम होने से आम पार्टी तीसरी पार्टी के रूप में उभर कर आ रही है कहीं आम पार्टी का झाड़ू कांग्रेस भाजपा के मानसूवो पर पानी न फेर दे इस संगोष्ठी बैठक में प्रमुख राजकुमार सिंह राजावत मनोज शर्मा रमेश गौड़ संतोष तिवारी,दीपक गौड़ संदीप गौड़ रामबहादुर राजावत, संदीप सिंह राजावत, मदनलाल परिहार, एवं आदा सैकड़ा आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे

# स्वयं का विकास कर,बच्चे भारत को बनाए समृद्ध एवं सशक्त

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण,जबलपुर तथा श्रीमती सुरभि मिश्रा,प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड के आदेशानुसार एवं हिमांशु कौशल जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड के मार्गदर्शन में ''बाल संवर्धन एवं संरक्षण सप्ताह'' (01 से 07 जुलाई) अंतर्गत एक्सीलेंस हायर सेकेंडरी विद्यालय नं.01 भिण्ड में नालसा द्वारा संचालित योजना ''पॉस्को एक्ट 2012 (वाणिज्यिक यौन शोषण पीी?तों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015) के संबंध में'' विशेष अभियान के अंतर्गत विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त विद्यालय में आयोजित शिविर में मुख्य रूप से उपस्थित सौरभ कुमार दुबे, जिला विधिक सहायता अधिकारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड ने सभी बच्चों को जानकारी देते हुए बताया कि संविधान के अंतर्गत आपको कई अधिकार प्राप्त हैं, जैसे- शिक्षा का अधिकार, शोषण के विरूद्ध अधिकार, बाल श्रम के विरूद्ध अधिकार आदि। उक्त अधिकार विशेषता बालकों के बचपन को सुरक्षित करते हुए, उन्हें संपूर्ण विकास के लिए अग्रसर किए जाने के उद्देश्य से बनाए गए हैं। इसके अतिरिक्त संविधान द्वारा आपके कर्तव्यों को भी चिन्हित किया गया है



जिसके अंतर्गत आप सभी को निजी जीवन में निरंतर आगे बढ़ने का प्रयास करते रहना चाहिए जिससे आप उत्कृष्ट बन सकें तथा राष्ट्र सफलता की नई ऊचांईयों को छू सकें, इसके साथ ही आपको अपने अंदर वैज्ञानिक सोच को विकसित करना चाहिए तथा समाज में भाई-चारे की भावना को बढ़ावा देना चाहिए जिससे भारत सामाजिक, आर्थिक एवं बौद्धिक रूप से समृद्ध एवं सशक्त राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर उभरते हुए वैश्विक समाज को एक नई दिशा प्रदाय कर सकें।बालकों को किशोर न्याय अधिनियम, 2015 के अंतर्गत् जानकारी देते हुए बताया कि ऐसे बालक जो कानून के विरूद्ध कोई कार्य करते हैं, उनके मामलों का प्रथक से ट्रायल किशोर न्याय बोर्ड द्वारा किया जाता है जिससे की वह सामान्य न्यायालयों में आने वाले आपराधिक प्रकृति के व्यक्तियों से दूर रहें तथा उन्हें मैत्रीपूर्ण तरीके से न्याय उपलब्ध कराया जा सके। विधिक सहायता के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि ऐसे बालक जिन्होंने कानून के विरूद्ध कोई कृत्य किया है वह ''धारा 12'' विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के अंतर्गत निःशुल्क विधिक सहायता हेतु पात्र हैं, जिसका लाभ वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय भिण्ड में उपस्थित होकर/पत्र के माध्यम से अथवा किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष निःशुल्क विधिक सहायता की मांग कर प्राप्त कर सकता है। इसके अतिरिक्त टोल फ्री नंबर 15100 पर भी संपर्क कर निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त की जा सकती है।उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य पूरन सिंह चौहान,वरिष्ठ अध्यापक एवं विधिक साक्षरता क्लब के सचिव धीरज सिंह गुर्जर एवं विद्यालय का समस्त स्टॉफ, छात्र-छात्रायें एवं शैलेन्द्र सिंह परमार पीएलव्ही भिण्ड उपस्थित रहे।

# भाजपा पीपरी मंडल के महामंत्री एवं पूर्व सरपंच बृजेश सिंह भदौरिया का निधन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**अटेर ।** अटेर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिछौली के पूर्व सरपंच भाजपा मंडल महामंत्री बृजेंद्र सिंह भदौरिया का भोपाल अस्पताल में इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। भोपाल से उनका पार्थिव शरीर गिरे निवास गांव के लिए परिवारों द्वारा लाया जा रहा है जहां 7 जुलाई को सुबह 10 बजे अंतिम संस्कार किया जाएगा उक्त जानकारी मंडल अध्यक्ष रायसिंह नरवरिया ने दी।पूर्व सरपंच भाजपा नेता मंडल महामंत्री बृजेंद्र सिंह भदौरिया ने ग्राम पंचायत के विकास के लिए सरपंच पद पर रहकर विकास कार्य को गति दी, वहीं भारतीय जनता पार्टी के जमीन से जुड़े समर्पित कार्यकर्ता के रूप में अच्छी पहचान स्थापित की और पार्टी को उन्होंने गति प्रदान की।भाजपा नेताओं एवं क्षेत्रवासियों ने शोक व्यक्त किया है।

## एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन आज

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भिण्ड में एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन 7 जुलाई 2023 का प्रातः 11 बजे से किया जाएगा । प्लेसमेंट ड्राइव में एल एन्ड टी कंस्ट्रक्शन कंपनी भाग लेगी, जो 200 पदों पर भर्ती करेगी। मेले में आईटीआई मैकेनिकल, बेल्डर, फिटर, कारपेन्टर ट्रेड, 10 एवं 12 वीं उत्तीर्ण पुरूष एवं महिला अभ्यर्थी समस्त मूल प्रमाण पत्रों एवं बायोडेटा के साथ साक्षात्कार हेतु शामिल हो सकते हैं। उक्त जानकारी प्राचार्य आईटीआई द्वारा दी गई है।

# शिक्षा के द्वारा सीखी हुई कला पूरे जीवन काम आती हैः विक्रम लोधी प्रदेश अध्यक्ष

## ग्वालियर जिला जुजित्सु संघ के द्वारा छात्र-छात्राओं को निःशुल्क मार्शल आर्ट प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन



**ग्वालियर।** जिला जुजित्सु संघ के तत्वधान में 15 मई 2023 से 30 जून 2023 तक संचालक संस्था के संस्थापक सूरज राठौर के मार्गदर्शन मैं किया गया। जिसका समापन कार्यक्रम का आयोजन लोधी चौक शताब्दीपुरम दाने बाबा रोड ग्वालियर में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि विक्रम लोधी प्रदेश अध्यक्ष आम आदमी पार्टी यथू विंग, विशिष्ट अतिथि डॉक्टर जय सिंह राठौर (डायरेक्टर जीवन रक्षा हॉस्पिटल ) मयंक गौतम (कोच जुजित्सु मार्शल आर्ट एकेडमी दतिया) उपस्थित रहे। सर्वप्रथम अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया अतिथियों का स्वागत पुष्पमाला पहनाकर किया लवकुश तोमर नेशनल प्लेयर, अभिषेक ने किया मुख्य अतिथि विक्रम लोधी ने कहा अपने उद्बोधन में प्रशिक्षण के दौरान सीखी हुई कला पूरे जीवन काम आती हैं विशिष्ट अतिथि मयंक गौतम ने कहा अपने उद्बोधन में मार्शल आर्ट एक ऐसी कला है जो हर किसी व्यक्ति को सीखनी चाहिए क्योंकि हर व्यक्ति का पहला कर्तव्य खुद की मदद करना है और अगर ऐसे में स्वयं की रक्षा के लिए उसे किसी और को चोट पहुंचाने पड़े तो वह अपराध नहीं माना जाएगा। एवं सभी अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त किए इस ग्रीष्मकालीन शिविर में हिस्सा लेने वाले छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया! साथ ही मयंक गौतम (कोच दतिया जिला जुजित्सु संघ) ने अपने जन्मदिन के शुभ अवसर पर सभी खिलाड़ियों के बीच केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया! कार्यक्रम का संचालन सूरज राठौर (ग्वालियर जिला जुजित्सु संघ) ने किया! इस दौरान लवकुश तोमर, गोलू अभिषेक आशीष भदोरिया, वीरू सभी खिलाड़ी एवं बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे कार्यक्रम का आभार व्यक्त लवकुश तोमर (नेशनल प्लेयर) ने किया।



नीलेश गुर्जर बने मध्य प्रदेश बैडमिंटन लीग अंडर थर्टीन के विनर मध्य प्रदेश इंदौर मे आयोजन मध्य प्रदेश बैडमिंटन टूर्नामेंट लीग में जिला मुरैना के ग्राम लभनपुरा निवासी ने अपने पूरे क्षेत्र और जिले का नाम रोशन किया और अपने मध्य प्रदेश मैं सेलेक्ट होकर जीत का परचम लहराया पूरे गांव क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

# युवा गहोई सेना दतिया की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई!

## किसी को भयकावे में नही आना एकजुट रहकर कार्य करना हमारी प्राथमिकताः अभय

युवा गहोई सेना दतिया के तत्वावधान में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन जिलाध्यक्ष स्वप्रिल नीखरा व कोषाध्यक्ष मुदित गुप्ता के नेतृत्व में गहोई वाटिका दतिया में आयोजित की गई। जिसमें समाजसेवी युवा गहोई सेना संस्थापक अभय गुप्ता (नेताजी) जिला संयोजक कौस्तुभ गेड़ा मुख्य रूप से उपस्थित हुए। बैठक में सर्वप्रथम सभी ने राष्ट्कवि दद्दा जी के चित्र पर तिलक लगाकर एवं पुष्प अर्पित कर याद किया। तथा पूर्व मे घटित घटनाओ पर विस्तार से चर्चा की गई अनेक कार्यक्रम से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई व सभी ने विचार व्यक्त किए तथा बैठक को संबोधित करते हुए समाजसेवी अभय गुप्ता नेताजी ने कहा कि संगठन का आशय जोड़ना है, समाज और युवाओ को वही व्यक्ति या संगठन जोड़ सकता है जिसमें नम्रता का भाव हो हम सभी को किसी के भयकावे मे नही आना हम सब को एकजुट होकर रहना व कार्य करना है तथा अपनी ऊर्जा को सामाजिक समरसता की ओर ले जाना है और घमंड व अंहकार से दूर रहना। समाज से बड़ा कोई नहीं है। कोई कितने भी बड़े पद पर पहुंच जाए, उसे अपने युवाओ व समाज बन्धुओ का सम्मान और सहयोग करना चाहिए तभी समाज चल सकता है। उन्होंने सामाजिक बुराइयों, कुरीतियों और रूड़ीवादी परंपराओं से दूर रहने की नसीहत दी इस अवसर पर निशांत नगरिया, कौस्तुभ गेड़ा, राज सेठ, अभिनव सिजरिया, मुदित गुप्ता, अमन कनकने,विशाल सरावगी,अभिषेक गंधी, अंश गंधी, उत्सव गहोई, अमन नगरिया, रामू रावत, रितिक गुप्ता, अक्षय कटारे, करन गुप्ता, नीरज गुप्ता, शिवम, देव गुप्ता, आशीष गुप्ता, शुभ गुप्ता, यश गुप्ता, अभय आदि युवा साथी एवं गहोई बन्धु उपस्थित रहे।



# समाजसेवी ने किया चिकित्सकों एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट का सम्मान

लायंस क्लब ऑफ ग्वालियर अनुभूति के तत्वाधान में आज डॉक्टर दिवस



एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया मुख्य अतिथि डॉक्टर रामबाबू गोयल अग्रग्रेटर ग्वालियर अध्यक्ष वरिष्ठ समाज सेवी रहे जॉन चेयरपर्सन डॉ रजनीश नीखरा गाइडिंग लायन अनुपम तिवारी,पूर्व प्रांतीय पी आर ओ लायन प्रसांत जैन को आमंत्रित किया गया इस कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य अतिथि डॉक्टर रामबाबू गोयल अध्यक्ष लॉयन मीनाक्षी गोयल, उपाध्यक्ष कमल किशोर गुप्ता , सचिव लॉयन कमल किशोर अग्रवाल ट्रेसरार लॉयन अशोक शर्मा द्वारा शॉल श्रीफल द्वारा सम्मानित किया गया कार्यक्रम संयोजिका अलका कुशवाह और मनीषा श्रीवास्तव रही इसके उपरांत 21 डॉक्टर एवं 15 सीए को सम्मानित किया गया डॉक्टर पवन शर्मा अदिति जोशी जेपी जोशी के एस मंगल ,गिर्राज गोयल ,एसके गुप्ता ,अरविंद मित्तल शिवम गोयल ,मेघा गोयल, अंजलि सिंघल ,सुनील सिंघल, संजय गोयल ,सुनील अग्रवाल प्रियदर्शनी श्रीवास्तव वितीय अनिल गुप्ता वीरपाल सिंह यादव सभी डॉक्टर्स एवं अरविंद गौड़ चैतन्य अग्रवाल अजय अग्रवाल चिराग अग्रवाल अनुराग गर्ग अमित अग्रवाल वैभव जैन रिचा मंडेलिया यश मित्तल संजय जैन नीतू गोयल विकास अग्रवाल सभी चार्टर्ड अकाउंटेंटत में कार्यक्रम में विजय खंडेलवाल अनिल गुप्ता संजय श्रीवास्तव धीरेंद्र कुशवाहा नीलम शर्मा सुशीला गुप्ता आदि क्लब के आए हुए सभी सम्मानित सदस्यों का एवं मीडिया कर्मियों का आभार शकमल किशोर अग्रवाल सचिव द्वारा किया गया।

# कांग्रेस के कार्यकर्ता और नेता जनता की लड़ाई लड़ने से कभी पीछे नहीं हटेंगेः विनोद सेन

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव व डेलिगेट और केश शिल्पी प्रकोष्ठ के



प्रदेशाध्यक्ष विनोद सेन ने एक जारी प्रेस नोट में कहा है की भोपाल की कोर्ट ने पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस विधायक जीतू पटवारी को किसान और बिजली बिल के खिलाफ आंदोलन के एक पुराने मुकदमे में सजा सुनाई है। हम अदालत के फैसले का सम्मान करते हैं, लेकिन इससे असहमत हैं। हम ऊंची अदालत में इस फैसले को चुनौती देंगे मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि कांग्रेस के कार्यकर्ता और नेता जनता की लड़ाई लड़ने से कभी पीछे नहीं हटेंगे, चाहे उनके खिलाफ किसी तरह की कार्यवाही की जाए। समाज को हक दिलाने के लिए आंदोलन करना नेता का पहला कर्तव्य है, यह संविधान की मूल भावना के अनुरूप है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से कांग्रेस के हर कार्यकर्ताओं ने यही सीखा है। पूरी कांग्रेस पार्टी श्री जीतू पटवारी के साथ है। हम सब मिलकर लोकतांत्रिक संवैधानिक और अदालती तरीके से अन्यायी सरकार का मुकाबला करेंगे।

# चातुर्मास स्थापना का मुख्य उद्देश्य अहिंसा व्रत का पालन करना हैंः आचार्य ज्ञेयसागर

मुरैना (मनोज नायक)। अहिंसा महाव्रत का पालन, धर्म प्रभावना, भक्ति, ज्ञान एवम ध्यान के लिए चातुर्मास की स्थापना की जाती है । दिगम्बर जैन संत निरंतर पद विहार करते हैं । लेकिन वर्षाकाल में एक ही स्थान पर रुककर साधना करते हैं। वर्षाकाल में एक ही स्थान पर संकल्प के साथ रुकने का समय चार माह होता है, इसीलिए इसे चातुर्मास कहते हैं। चातुर्मास स्थापना का मुख्य उद्देश्य अहिंसा व्रत का पालन करना हैं । वारिस के मौसम में असंख्यात जीवों की उत्पति हो जाती हैं । पद विहार के दौरान जीव हिंसा न हो, इसी लिए चातुर्मास की स्थापना की जाती है । उक्त विचार छाणी परंपरा के सप्तम पट्टाचार्य श्री ज्ञेयसागर महाराज ने ज्ञानतीर्थ मुरैना की पावन धरा पर वर्षायोग कलश स्थापना समारोह में धर्म सभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए । पूज्य आचार्य ने उपस्थिति भक्तों को संबोधित करते हुए कहाकि चातुर्मास के दौरान साधु संतों के मुख से वाणी खिरती है और आसमान से जल की बरसात होती है । इस समय सांसारिक प्राणी को भी संयम व नियम पूर्वक रहकर आत्मकल्याण हेतु प्रयास करना चाहिए । ज्ञानज्ञेय वर्षायोग समिति के अध्यक्ष योगेश जैन खतौली एवम मुख्य संयोजक रूपेश जैन आगरा द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार एबी रोड हाइवे पर स्थित ज्ञानतीर्थ जैन मंदिर में आचार्य श्री ज्ञेयसागर महाराज, संघस्थ मुनिश्री ज्ञातसागर महाराज, मुनिश्री नियोगसागर महाराज, क्षुल्लक सहजसागर महाराज के चातुर्मास कलश स्थापना समारोह का शुभारंभ मुकेश जैन विटुमेन आगरा के द्वारा किए गए ध्वजारोहण से हुआ । पूज्य गुरुदेव का पाद प्रक्षालन निर्मल जैन वैट्री बाले आगरा ने किया । चातुर्मास का प्रथम कलश के.के. जैन चांदी वाले आगरा एवम द्वितीय कलश रूपेश जैन चांदी वाले आगरा, तृतीय कलश राजीव जैन बलवीर नगर, चतुर्थ कलश संजय जैन बुढ़ाना, पंचम कलश दीपचंद अजीत जैन आगरा को स्थापित करने का सौभाग्य प्राप्त हूआ। अन्य कलशों को बकीलचंद पंकज जैन, संजय सुशील जैन शालीमार आगरा, आनंद खैकड़ा, मनीष जैन गाजियाबाद, ब्र.महावीर विमल जैन मुरैना, संजय भूषण जैन शंकर नगर, प्रेमचंद जैन बंदना साड़ी मुरैना, शांतिलाल राकेशकुमार जैन मुरैना ने स्थापित किया। कलश स्थापना समारोह की समस्त मांगलिक क्रियाएं प्रतिष्ठाचार्य ब्रह्मचारी नितिन भैयाजी खुरई ने सम्पन्न कराई। सम्पूर्ण कार्यक्रम ब्रह्मचारिणी बहिन अनीता दीदी मंजुला दीदी, ललिता दीदी के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

**ज्ञानतीर्थ पर हुआ कलश स्थापना समारोह**





## ब्लैक थाई स्लिट ड्रेस पहनकर रकुल प्रीत सिंह ने कराया फोटोशूट

बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह हमेशा अपनी हॉटनेस के कारण सोशल मीडिया पर चर्चाओं में रहती हैं। एक्ट्रेस हर बार अपनी ग्लैमरस तस्वीरें फैंस के बीच शेयर कर के उनके दिलों पर खंजर चला देती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने बेहद ही सेक्सी फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वो काफी गॉर्जियस लुक्स में नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह हमेशा अपने स्टनिंग फैशन स्टेटमेंट से लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके लुक को देख कर अक्सर अपने होश खो बैठते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस रकुल प्रीत ने अपने लेटेस्ट ग्लैमरस फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर के फैंस का अटेंशन अपनी ओर खींच लिया है। एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह अपने इस लुक में सेक्सी और हॉट अदाएं दिखा कर सोशल मीडिया का तापमान बढ़ानें में लगी हुई हैं। अपने इस फोटोशूट के दौरान एक्ट्रेस ने ऑफ शोल्डर और थाई स्लिट ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो अपना डीपनेक क्लीवेज और टोन्ड लेग्स फ्लॉन्ट कर रही हैं। बालों का बन बनाकर और साथ ही लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस रकुल प्रीत ने अपने लुक को बेहद खूबसूरती से निखारा है। बता दें कि एक्ट्रेस का ये सिजलिंग अवतार देखकर लोगों का दिल तेजी से धड़कनें लगा है।

## महेश बाबू की फिल्म का नया पोस्टर रिलीज

महेश बाबू का नाम दक्षिण भारतीय सिनेमा के बेहतरीन अभिनेताओं की सूची में शुमार है। मौजूदा वक्त में वह अपनी आगामी फिल्म एसएसएमबी28 को लेकर चर्चा में हैं। इसमें महेश के अलावा पूजा हेगड़े और श्रीलीला भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। अब निर्माताओं ने बुधवार को एसएसएमबी28 का नया पोस्टर जारी कर दिया है, जिसमें महेश दमदार अवतार में नजर आ रहे हैं। अभिनेता ने एसएसएमबी28 का नया पोस्टर अपने पिता कृष्णा को समर्पित किया है। महेश ने अपने आधिकारिक ट्विटर पर एसएसएमबी28 का पोस्टर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, आज का दिन और भी खास है! यह आपके लिए है पापा। गौरतलब है कि पिछले साल महेश के पिता कृष्णा का निधन दिल का दौरा पडने की वजह से हुआ था। फिल्म एसएसएमबी28 की बात करें तो इसका निर्देशन त्रिविक्रम श्रीनिवास कर रहे हैं।रिपोर्ट्स के मुताबिक, एसएसएमबी28 के ओटीटी राइट्स नेटफ्लिक्स ने 81 करोड़ रुपये में खरीद लिए हैं।इससे पहले उन्होंने सोशल मीडिया पर इस फिल्म का धमाकेदार पोस्टर शेयर किया था और इसके साथ ही एक्टर ने फिल्म का रिलीज डेट का भी एलान कर दिया है. फिल्म का पोस्टर देखकर फैंस काफी एक्साइटेड हो गए हैं थे.महेश बाबू ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी नई फिल्म एसएसएमबी 28 के पोस्टर की झलक दिखाई थी, जिसमें वह फुल स्वैग में नजर आ रहे हैं. मुंह में सिगार दबाए हुए महेश बाबू टशन में नजर आ रहे थे. उनके सामने लोगों की भीड़ दिख रही थी. महेश बाबू ने कैप्शन में बताया कि उनकी ये फिल्म 13 जनवरी, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी.बताते चलें कि महेश बाबू आरआरआर के डायरेक्टर एसएस राजामौली के साथ काम करने जा रहे हैं. एसएस राजामौली और महेश बाबू की फिल्म का टेंटेटिव टाइटल एसएसएमबी 29 रखा गया है. रिपोर्ट के मुताबिक, महेश बाबू अपनी इस फिल्म के लिए लंबी वर्कशॉप करेंगे. ये वर्कशॉप इस साल के अंत तक शुरू की जाएगी, जो करीब 6 महीने तक चलेगी।


## सोनाक्षी सिन्हा ने अपने हाथों बनाई पेंटिंग भेंट की

ओटीटी शो दहाड़ के लिए तारीफें बटोर रही एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा ने शो की निर्माताओं जोया अख्तर और रीमा कातगी को आभार के तौर पर हाल ही में एक पेंटिंग भेंट की है। इस पेंटिंग में एक बाघ शून्य भाव से देख रहा है। जोया ने इंस्टाग्राम पर सोनाक्षी को धन्यवाद देते हुए लिखा, टाइगर टाइगर बर्निंग ब्राइट। उन्होंने बेस्टगिफ्ट, पेंटिंग, सोनाक्षीसिन्हा और दगर्लइजएनआर्टिस्ट हैशटैग का प्रयोग किया। साथ ही उन्होंने असलीसोना और टाइगरबेबीऑफिशियल को टैग भी किया।सोनाक्षी ने भी इस पोस्ट को शेयर करते हुए शो के निर्माताओं को धन्यवाद कहा। उन्होंने लिखा, मेरा बेस्ट रोल क्रिएट करने वाली लड़की को मेरा सर्वश्रेष्ठ गिफ्ट। मुझे अंजलि भाटी बनाने के लिए थैंक्यू टाइगर बेबीज रीमा कातगी और जोया अख्तर। फॉरएवरग्रेटफुल। सोनाक्षी द्वारा बनाई गई यह पेंटिंग रीमा और जोया के प्रोडक्शन हाउस टाइगर बेबी को समर्पित है।रीमा कातगी और रुचिका ओबेरॉय निर्देशित दहाड़ का प्रोडक्शन एक्सेल मीडिया एंड इंटरटेनमेंट और टाइगर बेबी द्वारा किया गया है। इसके एग्जिक्युटिव प्रोड्यूसर रितेश सिधवानी, फरहान अख्तर, जोया अख्तर और रीमा कातगी हैं। आठ एपिसोड वाली यह सीरीज प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है।



## 1920 हॉरर्स ऑफ द हार्ट का डरावना ट्रेलर आया सामने

एक बार फिर से बड़े पर्दे पर खौफ का मंजर फैलने वाला है। एक बार फिर से हॉरर मचाएगा डर का माहौल और सिनेमाघरों में दर्शकों के पसीने छूट जायेगे। क्योंकि हॉरर फिल्मों के जरिये एक अलग पहचान बना चुके विक्रम भट्ट एक बार फिर से अपने लय में वापसी करने आ चुके हैं। उन्होंने अपनी नेक्स्ट फिल्म 1920-हॉरर्स ऑफ़ द हार्ट का दिल की धड़कने बढ़ा देने वाला ट्रेलर रिलीज कर दिया है। जो की फैंस के दिलो में वापस से वही डरावना माहोल फीर लेके आ सकता है।महेश भट्ट और आनंद पंडित ने डॉ. राज किशोर खवारे की सहायता से विक्रम भट्ट प्रोडक्शन की ख़ौफनाक वाली 1920 - हॉरर्स ऑफ द हार्ट डायरेक्शन किया है। कृष्णा भट्ट जो विक्रम भट्ट की छोटी बेटी है जो इस मूवी से डायरेक्शन में अपना कदम रख रही हैं। यह मूवी 23 जून 2023 को हिंदी, तमिल और तेलुगू भाषाओं में सीनेमा घरो में आने जा रही है। विक्रम भट्ट ने कहा मेरी छोटी बेटी की फिल्म को थिएटर में रिलीज होते देखना, एक पिता के तौर पर मेरे लिए दिल को छू लेने वाला क्षण है। हॉन्टेड का निर्देशन करने के बाद से कृष्णा मेरी सहायक रही हैं, उसने पिछले कुछ वर्षों से सेट पर गंभीरता से एक असिस्टेंट के तौर पर काफी मेहनत की हैं और सीखा भी हैं। उसने सेट को पूरी तरह से मैनेज किया हैं। फिल्म के एक-एक सीन को लेकर वो बहुत स्पष्ट रहती हैं। अपनी कहानी के लिए वह कैसा संगीत चाहती हैं उसके लिए भी कृष्णा काफी क्लियर रहती हैं। फिल्म को बेहतरीन रिलीज देने के लिए मैं आनंद पंडित को धन्यवाद देना चाहता हूं।बीते सालो में आई सभी 1920 फिल्मे के पार्ट लोगो ने खूब पसंद किये और काफी प्रभवित भी हुए, इस मूवी की यही खास बात है की इस मूवी के अंदर दिखाए जाने वाले सीन लोगो के दिलो में डर का माहौल बना देते है।







## मनोज बाजपेयी की बंदा ओटीटी के बाद अब सिनेमाघरों में हुई रिलीज

मनोज बाजपेयी मौजूदा वक्त में फिल्म सिर्फ एक बंदा काफी है को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। यह फिल्म 23 मई को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज हुई थी। फिल्म में मनोज के अभिनय की हर तरह काफी प्रशंसा हो रही है। पिछले लंबे वक्त से दर्शक इस कोर्टरूम ड्रामा फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज करने की मांग कर रहे थे, जो अब पूरी हो चुकी है। दरअसल, बंदा ओटीटी के बाद सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। मनोज की बंदा को भारत के कुछ चुनिंदा सिनेमाघरों में रिलीज किया गया है, जिसमें मुंबई (6), दिल्ली-उत्तर प्रदेश (9), राजस्थान (1) और बिहार (4) शामिल हैं। फिल्म सिर्फ एक बंदा काफी है को सेंसर बोर्ड ने यू/ए सर्टिफिकेट द्वारा पास कर दिया है। इसका मतलब फिल्म को बच्चे बड़ों की निगरानी में देख सकते हैं। फिल्म 2 घंटे, 12 मिनट, 50 सेकंड की होगी। बंदा इकलौती ऐसी फिल्म है, जिसे ओटीटी के बाद सिनेमाघरों में रिलीज किया गया है। अपने ऑफिशियल ट्विटर हैंडल पर मनोज वाजपेयी ने पोस्ट शेयर करते हुए सिर्फ एक बंदा काफी है कि थिएट्रिकल रिलीज की जानकारी दी। एक्टर ने ट्वीट किया, बंदा आज से थिएटर्स में दस्तक दे रही है। भारी मांग के चलते फिल्म को रिलीज किया जा रहा है। सिर्फ एक बंदा काफी है की कहानी की बात करें तो फिल्म एक लीगल ड्रामा है। फिल्म में मनोज वाजपेयी ने एडवोकेट पीसी सोलंकी का किरदार निभाया है, जो एक धर्मगुरु को नाबालिगों के यौन शोषण के मामले में सजा दिलाने के लिए केस लड़ता है और सफल होता है। फिल्म की कहानी सच्ची घटना पर आधारित है।

## कियारा आडवाणी के साथ काम करना चाहते हैं रोहित सुचांती

टीवी सीरियल भाग्य लक्ष्मी' के स्टार रोहित सुचांती बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी के बहुत बड़े फैन हैं। उन्हें उम्मीद है कि वह एक दिन बड़े पर्दे (स्क्रीन) पर उनके साथ रोमांस करते नजर आएंगे। टेलीविजन इंडस्ट्री में कई सालों तक काम करने के बाद, रोहित ने कई अभिनेत्रियों के साथ स्क्रीन स्पेस साझा किया है। लेकिन अब उनका सपना कियारा आडवाणी के साथ काम करने का है।रोहित हाल ही के प्रोजेक्ट में कियारा आडवाणी की एक्टिंग स्किल और परफॉर्मेंस से प्रेरित हैं। रोहित ने कियारा के बारे में बात करते हुए कहा कि मुझे लगता है कि मैंने कभी किसी एक्ट्रेस को इतने कम समय में इतना वर्सेटाइल बनते नहीं देखा।किरदार कोई भी हो, कियारा ने उसे बखूबी निभाया है और अपने परफॉर्मेंस से सबका दिल जीत लिया है। वह हमेशा अपनी रोल में अपना सर्वश्रेष्ठ देती हैं और यही एक ऐसी चीज है जिसने मुझे हमेशा आकर्षित किया है।रोहित ने कियारा की सफलता की स्टोरी पर कहा, कियारा बहुत कम समय में ही इंडस्ट्री के ज्यादातर डायरेक्टर्स की पहली पसंद बन गई हैं। अगर मुझे कभी कियारा के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करने का मौका मिलता है तो मेरे लिए बहुत सम्मान की बात होगी। मुझे लगता है कि हम साथ में स्क्रीन पर अच्छे दिखेंगे। भाग्य लक्ष्मी' रोजाना रात 8=30 बजे जी टीवी पर प्रसारित होता है।



## सामंथा रुथ प्रभु फिल्म चेन्नई स्टोरी से भरेंगी हॉलीवुड की उड़ान

सामंथा रुथ प्रभु दक्षिण भारतीय सिनेमा की उन अभिनेत्रियों में शुमार हैं, जिन्होंने अपने दम पर इंडस्ट्री में अपना एक खास मुकाम हासिल किया है। वह न सिर्फ साउथ, बल्कि बॉलीवुड के दर्शकों के बीच भी लोकप्रिय हैं। बहरहाल अब जो खबर आ रही है, उससे उनके प्रशंसक खुशी से झूम उठेंगे। दरअसल, सामंथा हॉलीवुड में अपनी पारी शुरू करने को तैयार हैं। वह इसे लेकर उत्साहित हैं। उनकी पहली विदेशी फिल्म और इससे जुड़ीं कई जानकारियां सामने आई हैं। काफी समय पहले खबरें आई थीं कि सामंथा हॉलीवुड का रुख करने वाली हैं। अब खबर है कि वह चेन्नई स्टोरी से हॉलीवुड में अपनी शुरुआत कर रही हैं। सामंथा आजकल सर्बिया में वरुण धवन के साथ सिटाडेल की शूटिंग कर रही हैं। इसका शूट खत्म करते ही वह चेन्नई स्टोरी की शूटिंग शुरू कर देंगी। इस फिल्म का निर्देशन बाफ्टा में नामांकन पा चुके जाने-माने निर्देशक फिलिप जॉन कर रहे हैं। फिल्म में सामंथा के साथ भारतीय मूल के इंग्लिश एक्टर विवेक कालरा नजर आएंगे। वह इसमें एक दक्षिण एशियाई वेल्शमैन का किरदार निभाएंगे। फिल्म में उन्हीं की कहानी बताई जाएगी, जो अपने पिता को खोजने के लिए चेन्नई का सफर करता है। वह एक जासूस (सामंथा) से मदद मांगता है। यह एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म होगी, जिसमें सामंथा और विवेक की जोड़ी देखने को मिलेगी। यह फिल्म पूर्वी और पश्चिमी संस्कृतियों का जश्न मनाएगी और इन्हें एकजुट करेगी। प्यार की कलियां कहीं भी खिल सकती है, फिल्म में यह देखने को मिलेगा। सामंथा फिल्म में एक ऐसी तमिल महिला की भूमिका में होंगी, जो खुद की डिटेक्टिव एजेंसी चलाती है। फिल्म में सामंथा का किरदार एक गरम दिमाग वाली स्वतंत्र महिला का है। यह फिल्म 2004 में आए लोकप्रिय उपन्यास अरेंजमेंट्स ऑफ लव पर आधारित है।



## रणबीर-दीपिका की ये जवानी है दीवानी को 10 साल पूरे



रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण की फिल्म ये जवानी है दीवानी 2013 में रिलीज हुई थी, जिसे दर्शकों द्वारा भरपूर प्यार मिला था। इसमें आदित्य रॉय कपूर और कल्कि कोचलिन भी हैं। अब बुधवार (31 मई) को ये जवानी है दीवानी ने अपनी रिलीज के 10 साल पूरे कर लिए हैं। इस खास मौके पर निर्देशक अयान मुखर्जी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया है। इसके साथ उन्होंने एक दिल छू लेने वाला नोट भी लिखा है। अयान ने लिखा, ये जवानी है दीवान, मेरा दिल का टुकड़ा आज 10 साल का है। मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि इस फिल्म को बनाना मेरे जीवन की सबसे बड़ी खुशियों में से एक है। मैंने अभी तक इस फिल्म को पूरा नहीं देखा है, लेकिन जब मैं बूढ़ां हो जाउंगा तो इसको जरूर देखूंगा। ये जवानी है दीवानी और उन सभी लोगों का बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं, जो वर्षों से इसकी गहराई से जुड़े हैं।

# टीआई के बेटे की हत्या की कोशिश, दोस्तों ने बुलट चलाने को न देने पर पीटा और सिर पर पत्थर पटका

**ग्वालियर,** । ग्वालियर में टीआइ अजय सिंह पवार के 17 वर्षीय बेटे की हत्या की कोशिश हुई है। टीआइ के बेटे से उसके दोस्तों ने ही बुलट चलाने के लिए मांगी, जब उसने देने से इंकार कर दिया तो चाबी जबरन छुड़ाने लगे। इसी दौरान टीआइ के बेटे की बेरहमी से मारपीट की और उसके सिर पर पत्थर पटक दिया। इस घटना में टीआइ का बेटा गंभीर रूप से घायल हुआ है। वह अभी ग्वालियर के अपोलो हास्पिटल में भर्ती है। पड़ाव थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में एफआइआर दर्ज की है।ग्वालियर में लंबे समय पदस्थ रहे टीआइ अजय सिंह पवार की पोस्टिंग इस समय शहर से बाहर है। उनका परिवार ग्वालियर के सिटी सेंटर स्थित यशोदा टावर में रहता है। उनका 17 वर्षीय बेटा आदित्य प्रताप सिंह पवार अभी पढ़ाई कर रहा है। वह पड़ाव स्थित कोचिंग पर पढ़ाई करने के लिए जाता है। 5 जुलाई को वह बुलट से कोचिंग गया था। इसी दौरान उसके साथ पढ़ने वाले आदित्य चौहान, अंशु सिंह बैस, दिव्यराज तोमर व एक अन्य युवक उससे बुलट मांगने लगे। आदित्य ने बुलट चलाने देने से इंकार कर दिया। इसके बाद यह लोग उससे चाबी छीनने लगे। इसी दौरान उसके साथ हाथापाई शुरू कर दी। चारों ने घेरकर आदित्य प्रताप सिंह पवार को पीटा और इसके बाद भारी पत्थर पटक दिया। जिससे उसके सिर और कान के बगल की हड्डी में फ्रैक्चर हो गया है। उसे गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। सूचना मिलने पर टीआइ पवार भी ग्वालियर पहुंचे। स्वजनों ने उसे अपोलो हास्पिटल में भर्ती करवाया है। उसकी हालत गंभीर थी, इसलिए दो दिन पुलिस से भी संपर्क नहीं किया। स्वजन उसका इलाज करवा रहे थे। अभी वह आइसीयू में है। टीआइ ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद आदित्य के बयान लिए गए। आदित्य की शिकायत पर पड़ाव पुलिस ने बुधवार देर रात हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में एफआइआर दर्ज की।



टीआइ अजय सिंह पवार के बेटे पर दोस्तों ने ही हमला किया है। घटना दो दिन पहले की है। वह अभी अपोलो हास्पिटल में भर्ती है। उसका इलाज चल रहा है। आरोपितों पर एफआइआर दर्ज कर ली गई है।

**मुकेश शर्मा, एसआइ, थाना पड़ाव**

# वीवीआइपी सड़कों को संवारने पर ध्यान जनता की सड़कों पर रोज बढ़ रहे गडढे

**ग्वालियर ।** पहले से बेहतर हालत में मौजूद गांधी रोड को तो नगर निगम 10 करोड़ रुपए में संवारने जा रहा है, लेकिन शहर की बर्बाद सड़कों की सुध नहीं ली गई है। शहर को सबसे ज्यादा संपत्तिकर के साथ करोड़ों रुपए के कारोबारी क्षेत्र के रूप में विकसित हो रहे सिटी सेंटर इलाके की कई पाश कालोनी सहित लश्कर क्षेत्र के कई इलाकों में सड़कें लंबे समय से बदहाल स्थिति में हैं। निगम ने न तो यहां पैच रिपेयरिंग कराई और न सड़कों के निर्माण की कवायद की। नतीजा, बरसात के मौसम में ये सड़कें हादसों का कारण बन रही हैं।दरअसल, शहर की गांधी रोड, रेसकोर्स रोड पर अधिकारियों का विशेष ध्यान रहता है। इन दोनों सड़कों पर वीवीआइपी यानी न्यायाधीश, राजनेता, आइएएस व आइपीएस के बंगले हैं। ऐसे में इन सड़कों पर एक गड्ढा होते ही तुरंत मरम्मत करा दी जाती है, लेकिन आम जनता के उपयोग में आने वाली तमाम सड़कें बदहाल स्थिति में होने के बावजूद उन पर ध्यान नहीं दिया जाता है। मुख्य मार्गों के अलावा कालोनी के अंदर सड़कों की हालत खराब है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों का इस तरफ ध्यान नहीं है। पाश इलाके सिटी सेंटर की कई कालोनी में मुख्य मार्ग बदहाल हैं। पटेल नगर से आयकर कार्यालय तक जाने वाले मार्ग पर तो एक तरफ सड़क ही गायब हो चुकी है। यहां एक लेन से ही ट्रैफिक निकलता है। वर्षा के मौसम में यहां जलभराव के हालात बन जाते हैं।सड़कों पर मौजूद सीवर चैंबर के ढक्कन भी ऊंचे-नीचे हैं। पटेल नगर रोड पर तो इन ढक्कनों की दिक्कत के कारण वाहन जिग-जैग होकर चलाना पड़ता है। 80 लाख रुपये की लागत से बनी यह सड़क ढक्कनों के आसपास से कभी भी धंसक जाती है। इसके अलावा शिंदे की छावनी, ढोली बुआ का पुल सहित कई इलाकों में चैंबर के ढक्कनों के कारण दिक्कत रहती है। कमोबेश यही स्थिति एजी आफिस पुल से माधव नगर होते हुए चेतकपुरी को जाने वाले मार्ग पर भी है। यहां दोनों तरफ चैंबर के ढक्कन खतरनाक स्थिति में हैं।पटेल नगर से आयकर कार्यालय-सिटी सेंटर इलाके में डिवाइडर वाली चौड़ी रोड पर 10 से अधिक होटल और रेस्टोरेंट हैं। ये इलाके का व्यस्त मार्ग है। यहां सुबह से देर रात तक वाहनों का आवागमन होता है। ये सड़क लंबे समय से बदहाल स्थिति में है। इस सड़क पर 100 मीटर लंबा एक पूरा पैच उखड़ चुका है।



# साढ़े तीन बीघा जमीन से हटाया कब्जा

**ग्वालियर** जिला प्रशासन ने वार्ड क्रं 63 के राजस्व ग्राम बरौआ नूराबाद में साढ़े तीन बीघा जमीन से अतिक्रमण हटाया। इस अतिक्रमण के हटने से 11 गांवों की रास्ता खुल गई। नायब तहसीलदार वृत्त कुलैथ लाल सिंह राजपूत के नेतृत्व में राजस्व अमले, नगर निगम अमला व पुलिसबल के साथ राजस्व ग्राम बरौआ नूराबाद की शासकीय भूमि सर्वे क्र0 290-3 पर किए गए अतिक्रमण को बुधवार को हटाया गया। शासन की साढ़े तीन बीघा (0.723 हेक्टयर) भूमि जिसका बाजार मूल्य लगभग 4.5 करो? रुपये बताया गया है। यहां भू माफिया ने कब्जा किया हुआ था, जिसे मुक्त कराया है।आबकारी आयुक्त के आदेशानुसार अवैध शराब के विक्रय और मद्यपान के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मोहना में अवैध शराब पकड़ने की कार्रवाई की गई। आबकारी नियंत्रण कक्ष प्रभारी मनीष द्विवेदी को प्राप्त सूचना के आधार पर हाइवे पर ग्राम दौरार के पास संचालित ढाबा के पास अवैध रूप से संचालित मदिरा दुकान पर दबिश दी गई। दबिश के दौरान तलाशी लेने पर विभिन्न प्रकार की 280 बल्क लीटर मदिरा बरामद कर आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। जिसकी अनुमानित कीमत एक लाख रुपये है। मौके से वाहिद खान को पकड़ा गया। कार्रवाई में आबकारी मुख्य आरक्षक, राजेंद्र प्रसाद पाठक,राजाराम वर्मा, आबकारी आरक्षक ,रवि बघेल सुनील सिंह,, पंकज शर्मा , अशोक जाटव तथा एकल कुटे आदि शामिल रहे।-महाराजपुरा क्षेत्र में फांसी पर लटककर हुई सुमित शर्मा की मौत के मामले में पिता ने न्याय की मांग की है। सुमित के पिता रामनिवास का आरोप है कि पुलिस सुनवाई नहीं कर रही है, अभी तक पीएम रिपोर्ट भी नहीं दी गई। बुधवार को परशुराम सेना के पदाधिकारियों से संपर्क किया तो वे साथ में महाराजपुरा थाने पहुंचे और पुलिस को चेताया कि अगर सुनवाई नहीं हुई तो एसपी से कार्रवाई की मांग की जाएगी। इसके बाद भी न्याय न मिलने पर धरना दिया जाएगा। 27 जून को भिंड निवासी रामनिवास शर्मा के बेटे ने कुछ लोगों से परेशान होकर फांसी लगा ली थी। रामनिवास ने बताया कि बेटे की जेब में रखी पर्ची में कुछ लोगों के नाम लिखे हैं, इसको लेकर कार्रवाई नहीं की जा रही है। परशुराम सेना के भगवती प्रसाद ने बताया कि इस मामले में वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष शिकायत रखी जाएगी।



# पार्षदों ने गिनाई सड़क, सीवर, पानी व स्ट्रीट लाइट की समस्याएं

**ग्वालियर** वार्डों में व्याप्त समस्याओं के निराकरण को लेकर बुधवार को ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र के पार्षदों की बैठक का आयोजन किया गया। निगम मुख्यालय के सभागार में आयोजित बैठक में पार्षदों ने सड़क, सीवर, स्ट्रीट लाइट, सफाई, पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं नगर निगम आयुक्त हर्ष सिंह और अन्य अधिकारियों को गिनाई। पार्षदों की यह भी शिकायत थी कि कई अधिकारी फोन नहीं उठाते हैं। इस पर निगमायुक्त ने कहा कि ज्यादातर समस्याओं का निराकरण तीन दिन के अंदर कर लिया जाएगा। बैठक में महापौर डा. शोभा सिकरवार, सभापति मनोज सिंह तोमर व नेता प्रतिपक्ष हरिपाल भी मौजूद थे।बैठक में निगमायुक्त हर्ष सिंह ने कहा कि कार्य समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण कैसे हो, इसके लिए बैठक आयोजित की गई है। इसके साथ ही उन्होंने बारी-बारी से सभी पार्षदों से उनकी समस्या पूछी। ज्यादातर पार्षदों का यही कहना था कि उनके क्षेत्र में सड़कें उखड़ी पड़ी हैं, पैच रिपेयरिंग नहीं की जा रही है। नालों व सीवर चैंबरों की सफाई नहीं हुई है। पेयजल की समस्या है। स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हुई हैं। इस दौरान पार्षदों ने अपने वार्ड से जुड़ी कुछ मांगें भी निगमायुक्त के सामने रखीं। निगमायुक्त ने समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए और पार्षदों को आश्वासन दिया कि तीन दिन में समस्याओं का निराकरण कर दिया जाएगा।-वार्ड क्रमांक एक की पार्षद सईदा आसिफ अली ने सफाई, सीवर व पेयजल समस्याओं के बारे में निगमायुक्त को बताया। उन्होंने क्षेत्र की आबादी के हिसाब से पानी की टंकी बनाने की भी मांग की।

-वार्ड दो की पार्षद आशा चौहान ने कहा कि वार्ड में सीवर व पेयजल की अधिक समस्या बनी हुई है।

-वार्ड पांच के पार्षद प्रेम प्रकाश शर्मा ने नालों की सफाई न होने के कारण जलभराव की समस्या से अवगत कराया।

-वार्ड सात की पार्षद मोनिका शर्मा ने सीवर लाइन का काम जल्दी पूरा कराने और पेयजल की समस्या गिनाई।

-वार्ड 8 के पार्षद मनोज राजपूत ने कहा कि झलकारी बाई कालेज के समीप पानी की टंकी के लिए आम रास्ता न होने के कारण काफी समस्या आ रही है। इसके साथ ही अमृत की लाइनों में लीकेज होने पर उनको सुधार दिया जाता है, परंतु गड्ढा ठीक नहीं किया जाता।



-वार्ड 10 के पार्षद शकील खान मंसूरी ने टूटे सीवर चैंबर को बनवाने के साथ अन्य समस्याओं के बारे में बताया।

-वार्ड 12 की पार्षद मीरा राजपूत ने पेयजल व लाइट की समस्या बताई।

-वार्ड 13 की पार्षद ज्योति सिकरवार ने कहा कि छोटी-छोटी समस्याओं के निराकरण की समय सीमा निश्चित हो, जिससे आमजन को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पडें।

-वार्ड 14 के पार्षद विनोद यादव ने कहा कि सीवर लाइन कई जगह पर डैमेज है। इसे ठीक कराया जाए।

-वार्ड 16 के पार्षद महेंद्र आर्य ने कहा कि वार्ड में टंकी बनी हुई है, परंतु कई लाइनों में पानी नहीं पहुंच रहा है। क्षेत्र में कई सड़कों पर पेच रिपेयरिंग कराया जाना आवश्यक है। क्षेत्रीय कार्यालय पर कोई भी चौकीदार नहीं हैं।

-वार्ड 31 की पार्षद अंजना शिवहरे ने कहा कि रोड पर स्पीड ब्रेकर बनाए जाए। इसके साथ ही कई क्षेत्रों में बरसात के कारण जलभराव की समस्या रहती है।

-वार्ड 32 के पार्षद विवेक त्रिपाठी ने कहा कि उनके वार्ड में अमृत योजना की लाइन नहीं डली है। जहां डली है, वहां मिलान नहीं हुए हैं। डफरन सराय में सीवर ओवरफ्लो हो रहा है, पैच वर्क व लाइट की समस्या क्षेत्र में बनी हुई है।

-वार्ड 33 की पार्षद सुनीता कुशवाह ने कहा कि क्षेत्र में सीवर व लाइट की गंभीर समस्या बनी हुई है।

# नवीन तकनीक बनी हथियार, गंभीर से गंभीर बीमारी का हो रहा उपचार

**ग्वालियर.** स्वास्थ्य सुविधाओं में ग्वालियर तेजी से कदम बढ़ा रहा है। प्रदेश का पहले मेडिकल कालेज के सबसे बड़े जयारोग्य अस्पताल में नवीन तकनीक की मदद से डाक्टर मरीजों को बेहतर उपचार दे रहे हैं। आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस का भरपूर सहयोग लिया जा रहा है। शहर के डाक्टर ईएनटी से लेकर न्यूरोसर्जरी में हर दिन नए-नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं। पिछले छह महीने में केवल जयारोग्य अस्पताल में ही करोड़ों रुपये की आधुनिक मशीनें आ चुकी है, जिनकी मदद से मरीजों का उपचार दिया जा रहा है। तेजी से बढ़ती स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ ग्वालियर सहित अंचल व आसपास के राज्यों से आने वाले मरीजों को मिल रहा है।

**टूटी हड्डी अथवा लिगामेंट्स का आधुनिक तकनीक से सरल उपचार**-शरीर के अंदर की हड्डी टूट गई हो या फिर लिगामेंट्स ब्रेक हुए हैं। अब इनका उपचार करने के लिए बड़ा आपरेशन करने की आवश्यकता नहीं रही। जेएएच समूह के अधीक्षक एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ डा आरकेएस धाकड़ बताते हैं कि अस्पताल में आर्थो स्कोप की मदद से इनका उपचार दिया जा रहा है। आर्थो स्कोप के माध्यम से शरीर के अंदर टूटी हड्डी या ब्रेक हुए लिगामेंट्स की तस्वीर देखी जाती है। जिससे इस बात का आंकलन कर लिया जाता है कि किस स्थान पर बारीक चीरा लगाकर, शरीर को बिना खोले अंदर टूटी हड्डी या ब्रेक हुए लिगामेंट्स का उपचार किया जाए। इसमें काफी मदद मिल रही है। हल्का चीरा लगाने से मरीज का ब्लड लास नहीं होता और अधिक दिन तक उसे भर्ती नहीं रहना पड़ता।

**दांतों का उपचार करने में लेटेस्ट तकनीक का उपयोग हो रहा है**-दांतो के उपचार में अब लेटेस्ट तकनीक की उपयोग किया जा रहा है। जेएएच के दंत रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डा योगेंद्र पहारिया बताते हैं कि अब दांत का एक्सरे लेने फिल्म का उपयोग नहीं किया जाता। आरवीजी मशीन का उपयोग करते हैं, जिसमें मशीन दांत के अदंर की थ्री डायमेंशन स्केनर की मदद से फिल्म तैयार करती है जो सीधे कंप्यूटर पर दिखाई देती है। इसी तरह से नकली दांत का सैंपल मशीन के माध्यम से मुंह से सीधे लैब में पहुंचा दिया जाता है। कंप्यूटर एडेड डिजाइनिंग और कंप्यूटर एडेड उपकरण का उपयोग हो रहा है। ब्रेसेस में पहले तार लगाते थे, अब एनविजिबल ब्रेसेस लगाते हैं जो दिखाई नहीं देते।



जयारोग्य अस्पताल न्यूरो सर्जरी के मामले में प्रदेश में अव्वल माना जाता है। यहां के डाक्टरों के हाथों के हुनर का लोहा प्रदेश के डाक्टर मानते हैं। न्यूरोसर्जरी में डाक्टर अत्याधुनिक तकनीक की प्रयोग मरीज को कम समय में अधिक लाभ देने के लिए कर रहे हैं। न्यूरोसर्जरी विभागाध्यक्ष डा अविनाश शर्मा बताते हैं कि ब्रेन के अंदर ट्यूमर की बायोप्सी के लिए स्टीरियोटैक्टिक सर्जरी का उपयोग कर रहे हैं। जिसमें आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस का उपयोग करते हैं। इसमें मरीज के ब्रेन की एमआरआई कराई जाती है जिसका डाटा कंप्यूटर में फीड किया जाता है। इसके बाद स्टीरियोटैक्टिक मशीन का फ्रेम मरीज के सिर पर लगा दिया जाता है। जो थ्रीडी एंगल से ब्रेन के तस्वीर तैयार करता है और पता लगाता है कि ट्यूमर कहां पर कितनी दूरी पर कितना बड़ा स्थित है। जिससे उस तक पहुंचने का रास्ता भी मशीन बताती है। मशीन की मदद से छोटा सुराख ब्रेन में कर बायोप्सी की जाती है। इससे मरीज का ब्लड लास नहीं होता, टांका नहीं लगता, ब्रेन डेमेज नहीं होता। इतना ही नहीं उसे भर्ती भी नहीं रहना पड़ता।

**बैरा जांच से पता चलता कितने डेसीबल की ध्वनि सुनाई दे रही**-नाक, काल, गला विभाग में नवीन तकनीक से मरीज का उपचार किया जा रहा हैं। जेएएच के ईएनटी विशेषज्ञ डा अमित जैन बताते हैं कि व्यक्ति के सुनाई देने की क्षमता कम होने पर उसकी बैरा जांच की जाती है। जिसमें कंप्यूटर खुद बताता है कि आपको कितने डेसीबल की ध्वनि सुनाई दे रही है। कोविड के बाद लोगों में चक्कर आने की शिकायत बढ़ी। जिसका पता नई तकनीक से युक्त वर्टिगो मशीन के माध्यम लगाते हैं। इसमें मशीन पूरे शरीर का स्कैन कर बताती है कि चक्कर आने का असल कारण क्या है।

उपलब्ध हैं।
फाइनेंस / लोन / होम लोन
ग्वालियर मुरैना बामोर गोहद मालनपुर डबरा इत्यादि जगह में आप मकान खरीदने और प्लॉट खरीद कर मकान बनाने के लिए लोन के हैं जरुरत तो करें हमसे संपर्क।
संपर्क करें
07974596469

प्रो. अमित मो. 7772843302, 9617243208
श्री हनुमते नमः
प्रो. दीपक मो. 9639422665, 7024015532
जय दंदरौआ सरकार इन्टरप्राइजेज
डिस्पोजल
दोना पत्तल, डिस्पोजल प्लेट, ग्लास, पत्ते वाली पत्तल, दोने
निर्माता एवं थोक विक्रेता
शादी, पार्टी एवं अन्य शुभ कार्यों आदि में सभी सामान फैक्ट्री रेट पर उपलब्ध है

पुष्पांजली टुडे
आम सूचना / कोर्ट नोटिस
साइज फिक्स रूपये
8x4 cm 1120
10x4 cm 1400
12x4 cm 1680
अन्य साइज 50/- sq.cm.
बुकिंग के लिए संपर्क करें
0751-4050784
8269307478

पुष्पांजली टुडे
गुमशुदा / खोया -पाया
नाम परिवर्तन
साइज फिक्स रूपये
8x4 cm 1050
अन्य साइज 50/- sq.cm.
बुकिंग के लिए संपर्क करें
0751-4050784
8269307478

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478